कि मैंने ऐसा कौन सनेह संबंधी व्रत कियाथा कि जिसमें हे उदार हे मुरार भगवान तुमने मेरेपर इह अनंत उपकार कियाहै कि जिसको मै हजार मुख धार करभी कथन करूं तो नहीं किया जाताहै २१ चौपाई। होत निमगण उदधि अवगाहा। अति ष वंड पावक कर दाहा। त्रणी भरतकर शिखर उ तंगा। अरुप्रहार आयुध बहुरंगा। गरल समी र सशोषण काया। अन्य अनेक दनुज सठमाया

७५

सबतें राखे लीन भगवाना। मै कृपाल केवल
जीय जाना। प्रभुकर निरव कलपतरु एहू। ज
नपै सदा करण निजनेहू। तरहितें श्रुति पुराण
अस गावे जन रंजन प्रभुजनन सहावे। अस प्रका
र प्रह्लाद प्रवीना। प्रेम भक्ति युत अस तनति लीना
पित अवलोकि ताहि उत रूष्टा। सहि न सक्यो स
ठ दनुज प्रतिष्टा। कहत मूढ अरभक हरिनोरा
राखत हृदय बास अति मोरा। गिरि कंदरा आश्रत

रा०
म
८०

जडजाई। बिधन जीव निज रह्यो डराई। संतन
डरवित विगत वड वसना। पावन मोर त्रासवस
श्रमना। सनमुख होहिं मोर किमि दीना। मै प्रा
क्रमि तहि हनन प्रवीना। जानत मोर विपुलता
नीके। मानत त्रास भलहिं निजजीके। मोर प्रचं
ड भुजन बल पाई। डरमत दनुज देव समुदाई।
सोरठा। सुनि पितु वचन कठोर नव बोल्यो प्र
ल्हाद जन। जवलग प्रभुवर मोर। ईहां सपष्ट

८०

जनकभा। तवलग सकल तुमार। विभू वजाई
संपती। मोर वचन निरधार। हृदय धरहु दानव
पती। २८। टीका देखिये कि तहां वडे अगाध स
मुद्रमे डूवाना और महा प्रचंड अगनीमे जलाना
तैसेही घोर ऊचे परवतके शिखरसे गिराना औ
र दैतोंके हाथसे नाना शस्त्रोंके घात दिलाना
विषका षवाना और पवनसे शरीरको सुकाना
संभ्रासुरकी मायाका भय दिखाना इत्यादि अनेक

१४
भ
८८

उपद्रव और अनर्थ जो भये तिन सवते मेरेको वचा
ना ऐसे उपकार करनेको हे दीनानाथ तुमही समर्
र्थहो और कौन हो सकताहै और हे दीनवंधु मैने
भली प्रकार जान लियाहै जो तुमारा निरंतर कर
के यही व्रतहै कि अपने जनपर सदैव सनेहसे पा
लना इसीते हे कृपा निधान तुमको श्रुती और पु
राणोंने प्रगट करके जन रक्षक और जन पाल
क गायन कियाहै इसप्रकार प्रल्हाद जोहै सो

८८

प्रेम और भक्तीमे लीन भयाहूआ भगवान भक्त
सर्व दानकी असतुती करता भया तब तिसकी
ऐसी उतकृष्टा अर्थात् उत्तमताई और वडाई दे
ख करके दैतोंविषें वडा प्रतिष्ठत और मानी दैत
राज जोहै सो सहार नहीं सकता भया हंकारसे
उनमत्त भयाहूआ कहने लगा कि अरे मूढ़ बा
लक इहतेरा हरी कि जिसकी तूं इतनी शलाघा
और वडाई करताहैं सो तो हृदयमे मेरे भयसे

यो० वा० ८२

कांपता रहताहै और परवतोंकी कंदरोंके आश्रय होकर अपने जीवको छिपाये हूये बैठाहै शरीरप र वस्त्रभी नहीहैं और महा दुःखी भयाहूआ मेरे त्रा सके वश कछु भोजन मात्रभी नही पाय सकताहै सो ऐसा निरवल और दीन कहो मेरे सनमुख के से होय सकताहै मै तिसके वध करने अर्थात मा रनेको सामर्थहूं वेमेरी प्रबलता और मेरे प्राक्रम की महिमाको भली प्रकार जानताहै और हृदय

मै भय मानताहूं मेरी प्रचंड भुजोंका ऐसा वल औ
र पराक्रम प्रसिद्धहै कि जिससे दैत और देवता सव
थरथर कांपते रहतेहैं इस प्रकार पिताका अतिसे
प्रवल कठोर और अभिमानका भराहूआ वचन
सुनकर प्रह्लाद अभय होयकरके कहने लगा कि
हेतात जवलग मेरा महा प्रभू इहां प्रकट नही भ
या तव लगही तू निश्चय जानकि इहतेरा प्रताप
और संपती वडाई सव देख पडतीहै २८ चौपाई।

रघ
म
८३

83

होत प्रत्यक्ष बिसरि सब जाई। तात तुम्हार भूरि च
तुराई। तब लग गरज करहिं करि कानन। जब
लग नहिन प्रकट पंचानन। सुनहु तात भाखिस
हनुराई। बंध्यात्रिये पुत्र बरु जाई। कलह कबहुं
कि करहिं बिवाहा। ओम प्रसन्न सोपि हृष्टाहा।
होहिं प्रकास अंधकार नयना। सुनहिं उरग बरु
गायन बयना। सुर गालीक सिरोमणि तोरे। सो
न होहिं हत मन भाव मोरे। तब प्रह्लाद कोप बस

बानी। बोला सुनहु असुर नृपमानी। अनसे प्रब
ल हालाहल जोई। तास विरचन कलेवर सोई।
तहं प्रलीन फणक करन्याईं। महा राज मम
त्रिभुवन साईं। करहु न कोप विवस तिन कोरे।
सब विधि दीन दयाल प्रभु मोरे। कर आकर साम
र्थ गुसैयां। औरकी और करहिं कछु नैयां। सो
जब करहिं कोप भगवाना। प्रलैकाल कर अ
नल समाना। सोरठा। तो विसमय कछु नाहिं

होहिं निखिल ब्रह्मंडजे। तरत भस्म छणमाहिं।
को निवारकर सकहिं तव। २९। टीका। और हे
पिता तिस अनंत प्रतापी भगवानके प्रकट हो
तेही तुमारी चपलता और बड़राई जोहै सो सब
बिसर जावेगी करी जो हसतीहै सो छणमे तब
लगही गरज करताहै कि जब लग तहां सिंह
नहीं प्रकट होता तब दैतराज कहने लगा कि
अरे नदान जो कबी वंध्या अर्थात बांझ स्त्री पुत्र

84

भी जनमै और हीजड़ा विवाहभी करै आकाश
से पुष्पभी वरषें और अंधपुरुषके नेत्रोंमें प्रका
शभी होजावे सरप जोहै सो गायनभी करैने परं
तु सबसे निकारा और सबसे निषिद्ध तेरा शिरो
मणी हरी जोहै सोतो कदाचित भी मेरे मनमु
ना
एवं होवेगा इसप्रकार सुन करके प्रल्हादकोप
के वश हो जाता भया और कहने लगा कि हे
अभागी पिता तूं श्रवणकर कि अंतमे क्रूर हो

३४
भ
८५

लाहल जो विषहै तिसके रचेहूये कलेवरमै महा
भयंकर फणिक अर्थात् सरप वत लीन भयेहू
ये तीन लोकके नायक मेरे स्वामी जोहैं तूं जढ
तिनको कोपके वश मतकर क्यौंकि वे अनंत
आक्रम वाले और अनंतही महिमा वाले दीना
नाथ करने नाकरने अरु कछ औरका औरही
वमनकर दिखाय देनेको सामर्थ्यहैं सो जब पहिले
कालकी अगनीके समान अपना प्रचंड कोपक

८५

र वैठेंगे तव हे पिता कछु आचर्ज नहीं है जानोकि
एक क्षणभरमेंही संहरण ब्रह्मांड भसम होजावें
गे फिर तिस समय तिनको कौन निवारण और
शांती करणे वालाहै। २९। चौपाई। तहां मसक
श्व जनक हमारा। होव निरंतर वेग संचारा। भ
तजन सखि मित्र समुदाई। दसा देखि तब जाहि
पराई। केवल मरन होव तहं तोरा। संतन सत्य
वचन पित्र मोरा। दनुजा थीम सुनत सुतवानी

रा० च० मा० ५८

मानस मानि अतसे वडज्ञानी। कहत मंद मति अधम अचारी। इह प्रसिद्ध जड संसृति सारी। तब विरुद्ध अस कवन प्रकारा। रे उरात मन व चन उचारा। मैना मृगा देव नभ धरना। अंत्र व हिर निसवासर मरना। तव प्रति कुल करहु क समूझा। करम प्रसिद्ध मोर जग गूझा। सुनि प्र ल्लाद कहत रिसमानी। तव जन सकल सुनहु ममवानी। अहो कवन इह व्यापिस आई। सद

य जनक जढ उरजन नाई। जहिवर विथी दीनव रपही। करत निरादर जढमति नेही। मानत नाहिं मूढ अभिमानी। कहत वदन जोई अनहि नवानी। मोरेभी प्रमाण अव पहू। देवप्रधान क मल भव जेहू। तास वचन इह पातक कोहीं। सो अव करु प्रमाण भवहोंही। सोरठा। निसफल जाहिन सोय। हनहिं वेग भगवान इही। ब्रह्म वाक वर जोय करत अथम तिनकर हनन।

१४
भ
८०

।२०। टीका। और हे पिता तहां तुमारा मस्तक जो
मच्छर है तिसके समान संघार होजावेगा अर्थात
तुम मारे जाउगे और इह तुमारे भृत सेवक और
मंत्रीजोहैं सो तुमारी डरदशा देख करके सब भा
ग जावेंगे तहां केवल एक तुमाराही मरना होगा
इह मेरा वचन सत्यकरके है इसमे कुछ संशय न
हीहै ऐसे प्रह्लादका कथन सुनकर दैत राज
जोहै सो हृदयमे बडा शोक और हानी मानकर

कहने लगा कि अरे प्रथम बालक मेरा प्रधान
करम जो है सो संपूर्ण जगत विषे प्रसिद्ध है और
इस बारता को भी सब लोक भली प्रकार जान
ते हैं कि मैं तो ना मनुष्य ना पशू ना दैत देवताके
हाथसे ना पृथ्वी ना आकाश ना अंतर ना बाहि
र ना रात्री ना दिन विषे मरना है मूढ तैने इह
कैसे मेरे मरने को महा अनर्थ और विरुद्ध बच
न उचारण करदिया है तब पश्चात स्नान करके

यो
भ
८८

वडे क्रोधसे कहने लगा कि हे भाई लोगो तुम देखो जो इस मेरे पिताके हृदयमें इह कौन जड ता और दुरमती आय व्यापीहै कैसोंकि जिस विधा ता अर्थात् ब्रह्माने इसको वरदान दियाहै अब मंद तिसकेही वचनोंका निरादर करताहै और हं कारके वश भया हूआ नही मानताहै तांते मैभी अब यही कहताहूं कि संपूर्ण देवताउं विषे स्र ष्ट विधाता जोहै तिसके वचन इस अभिमानीको

शीघ्र फलदायक होवें और भगवान इसको जैसे ही हननकरैं अर्थात् जैसेही मारैं कि ना रात्रीहो नादिनहो ना अंदर ना बाहिर इत्यादि विधाताके वचन जोहैं सो सब सत्यही होवैं जो इह तिसके वचनों निरादर करताहै और तिनके तात्पर्यको नहीं समझताहै। ३। चौपाई। सुनहु तात यक्ता द उचारा। कहहु जवन तव स्वामि हमारा। सन मुख मोर नहिन कस होई। देव प्रसिद्ध होत प्रभु

का

सोई। घट घट अंतर जामि यति माया। दलन उहृग
ए जनन महाया। अव सासात तोर संहारा। क
रिहं देव हरण महिभारा। वोल्ये असुर कोप व
महोई। अस सामर्थ तोर प्रभुजोई। सर्वव्यापि तुम
जवन वखाना। कवन भीनवस होत न भाना।
केवल माति ज्ञास जीयमोरा। होत न प्रकट मूढ
प्रभु तोरा। अस सामर्थ जोपि कछु तेहू। तो स्यंव
सनमुख तव जेहू। इहिमै सरव व्यापि कसनांही

अंतरयामि तव त्रिभुवन साईं। तव प्रल्हाद ह

विर मडवानी। सनत्कु तात अस वदन बखानी

जे मम भक्ति चरण हरिनीके। पावन प्रेम प्री

ति हद्जीके। जोपि वेदवर वाक्य उचारा। श्रेहिं

प्रमाण सत्य संसारा। सोरठा। तोमोरे भगवान

अंतर वर्ति स्यंवजे। तिनकर दरसन भान। श्री

ब्रह्मेव तुमरे पितृ। कीटमात्र इह जोय। चल

त तात कल पंथ पर। इहिमै प्रभु मम सोय।

३४ भ ५.

होन प्रतीत न तुमहिं कस ३१। टीका। फिर प्र
ल्हाद कहताहै कि हेपिता श्हजो तुम कहते
होकि तुमारे स्वामी मेरे मनमुख क्यौं नही हो
ताहै सो श्रवन सावधानहो श्रोर देख कि घट घ
ट के अंतरयामी मायाके पती श्रोर दुष्ट दैतोंका
नाश करणेवाले भक्त जनोंके रखवारे श्रोर पृ
थिवीका भार हर करणेवाले श्रब साक्षात प्रक
ट होय करके तेरा संघार करेंगे अर्थात तेरेको

५.

मारदेवैंगे ऐसे प्रह्लादका उग्रवचन सुन करके
दैत्यपती कोपसे तमक कर कहने लगा कि जो
ऐसी सामर्थ्य वाला सरव व्यापी तेरा प्रभूहै तो
वे किसका भय राखताहै क्यों प्रकट नहीं होता
अरे वालक तूंनहीं जानताहैं वेतो केवल मेरेही
भयसे छिपाहूआ प्रकट नहीं होय सकताहै जो
कदाचित वे ऊंछ ऐसीही सामर्थ्य वाला और स
वे व्यापीहै तो इहदेव तेरे मनभाव जो स्थंव सि

श्री भ ९१

९१

न भया हूआहै इसमैं तेरा सर्वव्यापी और अंतरजा
मी प्रभुकेयों नहीं देख पडताहै इसप्रकार तिसका
कथन सुनकर प्रह्लाद कोमल बानीसे कहने
लगा कि हे जनक अर्थात् हे पिता जो कदाचित
मेरी पवित्र भक्ती भगवानके चरण कमलोंमें भ
ली प्रकार दृढहै और मेरी प्रीती प्रतीतीभी भग
वानके चरणोंमैं सत्य करकेहै और जो संसारमैं
वेदके वाक्य प्रमाण और सत्यहैं तो मेरे अंतर

९१

मामी और दीन बंधु भगवान जोहैं सो प्रत्यक्ष इ
सी स्थंबके द्वारा अबी तेरेको दरसन देतेहैं ऐसे
कथन करके फेर कहने लगा कि हे पिता तूं
देख इह स्थंबपर कीट मात्र जीव जो चलरहाहै
इसविषे मेरे सर्वव्यापी परमातमा भगवान तेरे
को क्यौंनहीं देख पडतेहैं ३२ चौपाई। खन खनव
वन भूप उछारा। उभय कीट कल एवंभ मभारा
के नक कहहु तोर प्रभु रहयो। अहो भाग वड

१४
म
१८

देवन भयधी । श्रम जिन केर् एजनय स्वामी ।
कहि प्रक्कार स्वनहु विधिवामी । नजहु डरंत कु
टिलपन जीके । लेहु स्रशरण चरण श्रीपीके ।
दीन दयाल केशव भगवाना । सेवत होहिं तुम
हिं कल्पाना । परिहरि वक्र उम्र हंकारा । भज
हु कृपाल विश्व आधारा । ननर त्नृप यरि मरतु
कराला । तोरे हनन हेतु रहिकाला । होन प्र
नत वहत ममस्वामी । दीनदयाल भक्त अनुगा

१८

मी । जब प्रह्लाद रुचिर प्रसवानी । प्रकट पितु
हिं निजवदन बखानी । नव खदरा अंगार[illegible]ण से
से । क्रूर कलेवर पंनग जैसे । कोप प्रचंड प्रबल
तरंगोंके । इंदोलन अवैव सब जोंके । नपता इस
गोलप कर न्याईं । अरुण नैन हुत त्रिभुवन साईं
सम तीन नख कठिन कराला । थाराजनहूं कर
ण करवाला । अस विचित्र सुर शत्रु अनूपा । बै
ठी कंठी रच रूपा । सोरठा । रव प्रति रव करि

१४
भ
८३

सोय। मणिमय खंवन स्थंवतें। भेदि प्रकट प्रभुहो
य अदभुत मूरति नरहरी। ३२। टीका तब ऐसे
पुत्रके वचन सुनकर दैतपती मुसकाय करके
कहने लगा कि हे बालक इस खंभ और कीटके
विषे कहा इहु तेरा कितनाक प्रभू है अहो देवता
उंके धन्य भाग हैं कि जिनका इहु कीट मात्र इष्ट
देव है कि जिसको रात्रीदिन पूजते और वंदना
करते रहते हैं ऐसा अपमान और अभिमानका

८३

वचन सुनकर प्रह्लाद कोपसे कहने लगा कि
हे अभागी पिता अबमैंने निश्चय जानलिया कि
तेरेपर विधाता कोपसे विरुद्ध होय गयाहै परंतु
हेतात तूं अबभी हृदयसे जड़ता और कपटको
त्यागदे और लक्ष्मीके पती शरणागत पालक
भगवान जोहैं तिनके चरणोंकी शरणको प्रा
प्तहो इसमें दीन हितकारी और विघ्न निवारी
दीनानाथ जोहैं सो तेरेपर अवश्य क्षमा करदेवेंगे

३४
भ
९४

औरतूं सुंदर कल्याणको प्राप्त होजावैगा इदव
का अभिमान और कुटिल वचन सब छोडदे केव
ल दयाकी निधी और जगतके आधार मेरे स्वामी
जोहैं तिनका ही भजन और सुमरण कर नहीं
तो मत्स्यका भयंकर रूप धारकर तेरे वध करने
अर्थात मारनेके वास्ते वे अनंत प्रभाव वाले
और भक्त रक्षक भगवान अबी प्रकट हूये वह
तेहैं जब इसप्रकार प्रल्हाद भक्तने पिताको प्र

९४

कट उचारण किया नव खदरा जो हैरहै तिस
के अंगारयों वन और क्रूर कलेवर वाले सरप
के समान वडे प्रवल और प्रचंड कोपसे इंदोल
न करा डेलतेहैं अंग जिनके और लोहेके तपे
हूये गोल्योंके समान किये हूयेहैं लालनेत्र हा
थोंके महा विक्राल दसो नख जोहैं सोहैं मानो
भयानक तलवारोंकी तीव्र धारा ऐसे सुर दैत
के शत्रु वैकुंठी कंठीरव अर्थात वैकुंठ निवासी

३४
भ
२५

95

मृगपती रूप भगवान जोहैं सो शाहपर शाह क
रते हूये मणियों करके खचित भयाहूआ स्थंव
जोथा तिसको भेदन करके अर्थात् चीर करके
महा भयंकर और अदभुत नरसिंह मूरतीमें प्र
कट होजाते भये। ३३। चौपाई। व्याकुल लोक
गगन गरजाना। भै दिग कंपि भीत मन माना।
डोलन धरनि धीर उरन्यागे। सैल विदलन पर
स परलागे॥ वेला नजि सजलधि निज जोई। प्र

२५

रु हग हृंद भ्रमन गति होई। मानस विकल भू
न सब केरा। दशाकाल कछु जायन हेरा। ज
नहुं सकुटन लाग ब्रह्मंडा। करि कराल अस
शबद प्रचंडा। दीन दयाल भक्त अवलेवा। अवि न
रभूत प्रभु भये स्यंवा। कोलाहल अत सय नव
भारी। भयो परस्पर नर अरु नारी। कहत काल
कलपांत हमारे। प्रकट भयो अब विनुहिं वि
चारे। सुत भ्रत नातमात प्रिय नेहू। कहां मित्र

परिजन जीय गेहू। रह्यो आगाकर कवन बसाई।
कहिकर शरण लेव ग्रव जाई। जीवन मरण मू
रुककुनाही। निज निज विश्वत सकल मनमा
ही। जिमि हुडत निधि सलिल जहाजू। होहिं वि
कल सब देखि समाजू। सोरठा। तथा लोक स
मुदाय। त्रासत व्याकुल धीर गत। जहं तहं च
ले पराय। परि हरि पुत्र कालत्र निज। ३३।
टीका तब भगवानके ऐसे नरसिंह रूपको दे

९६

खकर लोक सब व्याकुल होय गये और आका
श गरजने लगा गय दिग्गज दिशोंके रक्षक
हस्तीहैं सोभी भयसे थरथर कांप उठे और
पृथवीभी धीरजको त्यागकर डगमग डोल
ने लगपडी पर्वत जोहैं सो परस्पर भिडने लग
जाने भये और समुद्रभी अपनी मर्यादा को त्या
गचला दिशोंमें भ्रमन होने लगा सब भूतों
का मन जोहै सो व्याकुल होय गया तिससमय

की दशा कुछ देखी नहीं जाती मानो ब्रह्मांड फू
टने लगाहै इस प्रकार बड़ा प्रचंड ग्रौर महा
कराल शब्द करके दीनोके पाल ग्रौर भक्तो
के ग्राधार नरसिंह भगवान जोहैं सो ततका
ल स्थंबसे साक्षात प्रकट होजाते भये तब ति
ससमय ग्रत्यंत कोलाहल ग्रर्थात महा घोर
शोर जोहै सो मच गया नारी ग्रौर नर सब व्या
कुल भये हुये ग्रैसेही कहतेहैं कि ग्रहो ग्रज

हमको विना हूऐही अकस्मात प्रलय काल
आय प्राप्त भयाहै अव कहां पुत्र पिता माता
और कहां सेवक सखे भ्राता कहां मित्र बांधव
सुखदाता प्राणोंका कौण भरोसा रहाहै अव
किसकी शरणको प्राप्त होवें जीवन और म
रण किसीकोभी कछु सूझ नहीं पडताहै अ
पने अपने सव कोई व्याकुल होय रहेहैं जैसे
समुद्र विषे जहाज को डूवता देखकर ममि म

व समाज दुःखी भयाहूआ विलाप करने लग
जाताहै तैसेही इह लोग भयके वश सव व्याकु
ल और धीर भये हूये धनधाम और स्त्री पुत्र स
व त्यागकर त्राहित्राहि करते भागचले ३३

चौपाई। मातु पुत्र प्रियकर जीयपीके। देखन
हगन लालसा जीके। भीत विवस कछु पर
तन सूझा। निजपर पतनि पुत्र पति हूझा।
काहु उसासमलेन मन मारे। चलेजात निज प्रा

ण संभारे। कादर काहु प्राण परि हरयो। को
ऊ विपत मूरछित धर परयो। कोऊ सूरवीर ए
ति चीने। आरत भये दीन गति कीने। त्राहि
त्राहि रव कोऊ उचारी। आय शरण प्रह्लाद
सिधारी। हमभ्रत तोर भवन कर सारे। अब
राखहु प्रभु प्राण हमारे। हमकर विषम का
ल इहि जोई। तव केवल गति आनन कोई।
परमदेव हरम भगवाना। आज त्रास मानस

३४
भ
९९

निज माना। कंपत एष धरनि नजिदीना। सक
ललोक मन विकल मलीना। सोरठा। नाक
प्रबल मृगराज। शठा वात कर सोपिभा। वि
कल भूत सब आज। गिरन वहत जन्तु धरनि
तल ३४ टीका नव माता पुत्रको और पतनी
पतीको देखनेकी अभिलाषा करतीहैं परंतु
भयके वश ऊकुछ सूफनहीं पडताहै कि अपना
बिगाना और माता पिता स्त्री पुत्र भ्राता कोनहै

ग्रौर कहांहैं केते व्याकुल ग्रौर मनमारे हूये बडे
लंबे उसास भरतेहैं केते प्राणेंका लिये हूये
भागे चलेजातेहैं केते कायर होयकर गिरते
ग्रौर मरते जातेहैं केते मूर्छा गत होयकर पृ
थिवीपर पडरहेहैं केते सूर वीरेंको देख कर
दीन भये हूये तिनके ग्राश्रय गयेहैं ग्रौर केते ग्रा
हि ग्राहि उचारते हूये प्रह्लादकी शरणको प्रा
प्त ग्रापत भयेहैं ग्रौर हाथ जोडकर कहतेहैं कि

होय

२४ भ ९०

100

हे नाथ हम तुमारे घरके सेवक और चाकर हैं
अब इस समय कृपाकरके हमारे प्राणोंको र
ख लीजिये हे प्रभू इस कठिन कालमे हमको
तुमारे विना और कोई आधार नहींहै आज पर
म देव कूरम भगवान जोहैं तिनोंनेभी भयमा
नकर अपनी पृष्ट अर्थात् पीठसे पृथ्वीको त्याग
दियाहै और संपूर्ण लोकोंका मन व्याकुल औ
र महा मलीन होय गयाहै और स्वर्ग लोकजो

वी

१००

है सोभी तिस महां प्रवल मृग राजकी गरदन
के उठेहूये रोमांचोंके भयसे व्याकुल होय कर
के आज पृथिवीपर गिरने चहताहै ३४। चौपा
ई। अव अहि समय महा मतिवारे। हम प्रका
द प्राण रखवारे। अनल प्रचंड कोप पंचानन।
चाहत कीन दगध जनु कानन। होहु सहाय
जानि जन अपने। हम कहं आज नतर जग
सपने। व्याकुल देखि दनुज गण ताहां। वोले

३४
भ
१०१

वचन वदन खेलनाहीं। ग्रहो दैतउर धीरज धरहो। कायर इव विलाप जनि करहो। का ग्रागल तव नाहिंन देखे। विघन व्याघ्र इहि सरस वसेखे। इहिमे ग्रधिक कवन गुण तांके। केपत तमहुं सकल वश जांके। मृग ग्रारण्य कवन कितलेखे। तव सामर्थ स्मरण देखे। ग्रायुध निगुण प्रवल भटि मारे। सिंह भीन वशभये निकारे॥ धरहु धीर पौरुष उरभाई। १०१

१०१

मै अनेक कानन भ्रम जाई। शारदूल मत्तानन
चीने। सर प्रहारि प्राणन हनकीने। नव दनुजा
त विकल मन मारे। हनहू भूप अस वचन उचा
रे। सोरठा। जास वदन अब लोकि। प्राण ध्यान
वाहन करण। अरु कंपत त्रैलोकि कोसनमु
ख तो कर स्थिर। ३५। टीका। फिर सब लोग क
हते हैं कि हे महामती वाले प्रह्लाद अब इस स
मय हमारे प्राणोंके तुमही रखवारे हो इहघोर

२४
भ
१०२

तेजस्वी पंचानन जो सिंह है इसके कोपकी महा
प्रचंड अगनी जोहै सो हमको मानो वणके स
मान अबी दग्ध करणे वहतीहै तुम आज अ
पने जानकर हमको सहायक होवो नहीं तो
इह जगत हमको आज सपने वत होजाताहै
इस प्रकार सब दैत्य लोगोंको व्याकुल देखक
रके हिरण्य कश्यपू जोहै सो वडे मदके वचनों
से कहने लगा कि अहो वडे आचर्जकी वातहै १०२

तुमने धीरज क्यों त्यागदिया और क्यों सावधा
न नहीं होजाते इह कायरोंके समान कैसा वि
लाप करतेहो और शत्रुसे कल्याण चहतेहो धि
गहै तुमको अरे मूढ क्या तुमने इसके समान
आगे वणमे व्याघ्र अर्थात बाघनहीं देखेहैं इसमें
तिनतें अधिक कौन गुणहै कि जिसके भयसे
तुम थरथर कांपरहेहो इह वणके मृगक्याहैं
और किसगिनतीमेहैं तुम सरव प्रकारके साम
कर

३४
भ
९३

र्य और शस्त्रोंके धारणेवाले महा शूर वीरहो
इसवणके रहने वाले मृगका भय मान कर न
कारे होय गयेहो हो वीर हृदयमे धीरजको धा
रन करो और अपने बल पराक्रमको देखो मैने
नो वणमे जाय कर ऐसे अनेकही मृगोंका शि
कार कियाहूआहै और बाणोसे छिंद भिंद कर
के जहां तहांउडाय दियेहैं ऐसे देत राजका कथ
न सुनकर सब असुर जोहैं सो अतमे व्याकुल

हुये

९३

ग्रोर मलीन चित्तभये हूये कहने लगे कि हे ए
जन जिसका महाभयंकर मुख देखकरके प्रा
ण तुरतही चलनेको चहतेहैं ग्रोर त्रैलोकी भी थ
र थर कांपतीहै तिसके सनमुख स्थिरहोने को
किसकी सामर्थहै ।३५। चौपाई। झटि हठ सूर
वीरता सारी । दशा भीम हरि लीन सिहारी । बो
ले बहुरि देत ग्रधिराई । सूर धरम रह नाहिन
भाई । सनमुख होत शत्रु कद रावहिं । प्राण प्रा

३४
म
९८

ण करि सुजस न पावहिं । महावीर वीरन वर जो
ई । विक्रम विजय कीन त्वम सोई । समर प्रचारि
प्रवल अरि मारे । अव कस प्राण प्राण उवारे ।
हव उर धरह्न धीर दनुजाता । मोर प्रताप सकल
जग ख्याता । जे ब्रह्मादि देव वरगाढे । वेत्र पानि
द्वारे मम ठाढे । जीव चराचर संस्ति जाहू । मम
सासन वस वहिर नकाहू । सोरठा । मोर वाहू व
ल जोय । तीनलोक जानत सकल । त्वव आऊ

१०८

ल कस होय। कापावर स्तगविपन इह। ३५।
फिर कहतेहैं कि हे नाथ सूरवीरोंकी संपूर्ण
वीरता और हठ पराक्रम जोहै सो इस सिंहको
भयानक दृशाने सब हर लियाहै तव दैत रा
ज कहने लगा कि अहो भाई इह तमजो भय
के वश होकर वडी कायरता और दीनताके
वचन कहतेहो तो इह उत्तम सूरवीरों का धरम
नहींहै जो पुरुष शत्रुको सनमुख देखकर

रध
भ
१०५

105

कायर होजातेहैं और प्राणप्राण करके पुका
रतेहैं वे संसारमें सुजस और वडाई नहीं पाव
तेहैं मेरेको वडा विसमय अर्थात् आचर्ज लग
ताहै कि वीरोंमें प्रधान महा सूरवीर जो थे सो
तो तुमने अपने प्रचंड पराक्रमसे जीत लिये
और वडे वडे प्रवल शत्रुओंको रण भूमिमे व
लकार वलकार कर मार दियाहै अव कैसे
प्राण प्राण करके पुकारते हो हठ और धीर

जको हृदयमै कैयों नहीं धारण करतेहो दे
खो मेरे प्रतापको कि जो संपूर्ण जगतमे प्रसि
द्धहै ग्रौर ब्रह्मादि जो वड़े प्रधान देवताहैं सो
हाथोंमें ग्रासे धारण किये हूये रात्री दिन मेरे
द्वारे पर स्थित रहतेहैं ग्रौर भी जगतके सब
चराचर जीव मेरेही ग्राज्ञाके ग्राधीन चलतेहैं
ग्रह मेरी भुजोंका बल ग्रौर प्राक्रम जोहै सोतो
तीन लोकमे सब जानतेहैं तुम व्याकुल कैसे

होयगये इह वणका मग कौन पांवर और का

तच्छ वस्तू है। ३५। चौपाई। जब प्रस मंद वचन

उच्चारे। तव हर धरनि धेनु रखवारे। अरुन प्र

कोप हगन स्रीजोंके। अति परि भ्रमत जुगल

भ्रुवांके। वकतर विकट भेष कृत भपावन।

गरजे घोर जलध जनु सावन। कोधन पडे नदि

त इवधाई। लीन अग्र हर तल जानु दवाई। जि

मि भुजंग सिर गरुड दवावा। अरु सचान जि

३४ भ १०९

१०९

मि कपट अलावा। नाग मनाल नाल जिमि
भंजा। तिमि नर केहरि असुर मदगंजा। चप
ल विपुल नादिक चतुराई। सोना होन एक
नहिपाई। देरे वनम धाव अस वानी। मंद
दीन गति वदन वखानी। सोरठा। जोकर द
ष्टी जोरि। अति कराल कर वाल सम। अस
पंचानन कोरि। करहु निवारण शीघ्र तम।
टीका। जव इस प्रकार तिस अधम दैत राज

ने महा अभिमानके वचन उचारे तब देवता ए
थ्वी और गौओंकी रक्षा करनेवाले भगवान
जोहैं सो कैसी अपूर्व शोभाको उदय करते भ
ये कि महा प्रकोपसे लाल होय गया जिनके
नेत्रोंका प्रभाव और दोनो वंक भ्रुकटी अर्था
त् विंगी भवां जोहैं सो अतसे करके फरकने
लग जाती भई वकत्र जो मुखहै सो वडा विक
ट और महा भयंकर तैसेही क्रूराकार शरीर

और पावस ऋतुके मेघवत घोर गरज करते

हूये बडे प्रचंड कोपसे विजलीके समान चमक

और चमकसे उछलकर तिस प्रथम ग्रहरको

तुरतही जान्हूऔंके तले ऐसे दवाय लेते भये

कि मानो जैसे सरपके बालकको गरुड दवा

य लेताहै और जैसे वटेरेको सचान जो शिकरा

है सो झपट लेताहै फिरकैसे कि जैसे कमलको

नालको हसती मरोड लेताहै तैसेही महा प्राक

श्री
भ
९८

108

मी नरसिंह भगवानने तिस असुरके मदको
ततकालही दूर और दूर करदिया तहां तिस
की प्रभुता बडाई और चपलता चतुराई जोथी
सोतो एकभी होनेनही पाई तबबडी दीनता
से निबल और सिथल होयकर पुकारने लगा
कि हेपव हेवनस अब शीघ्र धाय कर मेरी स
हायताकर क्योंकि महा विकराल तलवार
की धाराके समान जिसके नेत्रोंकी कांतिभयी

९८

नक दृष्टीहै ऐसा सिंहोविषें प्रधान सिंह जोहै तिसके हाथसे मेरे छुडानेको अब तेंही साम र्थीहैं । ३८ । चौपाई । तात नात हा मात प्रकार न । मोरे जानि वेग सुत आरत । विकट कर्ते न ग्रस्त इहि काला । अति पीडत विकल वै हा ला । होहु सहाय प्राण कर मोरे । इह उपकार आज सुत तोरे । मोहि कहं जीव दान अब कर हो । कठिन कलेस त्रास जिय हरहो । सुतस

वपु

सुं
म
१०५

न करत वचन भ्रम दीने। तब भगवान मरम कछु चीने। शारदूल नर रूप प्रगारी। प्रखर नखर कर हृद प्रहारी। तुरत विदारि उदर खल दीना। विलम नमेख मात्र नहिं कीना। स नमुख देखि मननि निज नाहां। बोल्यो वदन वचन खल नाहो। कबहुं कि हृदय तोर प्रिय भामा। मम अनुराग जियन कछु कामा। तो करि प्रगति विविध विधिनी के। लेहु कुठाय

१०५

आज प्रिय पीके। काहू वाहू वचन मुख वर
ना। वेग निवार राज मग करना। ते पति म्हन
न दीन अस वानी। बोली वदन जोरि जुग पा
नी। हे कृपाल माधव सुख केहू। दीननाथ
प्रभु दीनन बंधू। हे नर केहरि भक्त भय गंजन
आरत हरन धरणि सुर रंजन। कहिस ऊमती
वचन मुख जोई। दीन थाल कर सनमुख होई
इहि कर नहिंन नाथ अपराधू। अजसे मोह हू

नहिंन

२४
भ
११

ति मूढ प्रमादू। जानत मैंह प्रभुमाया। तुमहु
कृपाल दयाल करिदाया। तरण मरदन मन हो
हिं न स्वामी। यश तुमार कछु जन अनुगामी
सोरठा। तब बोले भगवान। सुन महिषी
मम भक्त जे। अन्तमे मित्र प्रिय प्राण। तोक
र प्रथम उरात मन। कीन जवन त्रिसकार।
प्रतिदिन करि अति वेदना। सोकस सकहु
सहार। मै व्यापकता कर हृदय। ३७। टीका

११

110

इस प्रकार पुत्र पुत्र हा पुत्र पुकारता हूआ बार
बार यही कहताहै कि हे तात अबमै इस महा
भयंकर कालका ग्रसाहूआ परम पीडत ओर
दुखी होय रहाहूं तूं आज पिताका हित वि
चार कर इस कठिन कालमै शीघ्र मेरे प्राणो
की रक्षाकर ओर जीवदान देकर मेरे दुख सं
कट ओर भयको निवारण कर यह तेरा अ
त्यंत उपकार होवेगा ऐसे पुत्रके आगे दीन

२४
भ
॥॥

ओर दुःखके भरे हूये वचन जो कह रहाथा त
व भगवानने हृदयमें सोचाकि ऐसा नाहो मे
रे भक्तके चित्तमे दया उतपन्न होजावे ओर इस
असुरके क्षमाकी प्रार्थना करदेवे ऐसे विचा
र कर दुष्ट दलन नरसिंह रूप भगवान जोहैं
सो बडे क्रूर ओर खरभे नखोंका घात देकर
तिस असुर असुरके उदरको तरनही विदार
न करदेते भये अर्थात् फाड देते भये तब सो ॥॥

मंदमती दैतराज तहां अपनी स्त्रीको मनमु
ख स्थितभई देख कर कहने लगा कि हे प्या
री जो कदाचित तेरे हृदयमे मेरे जीवनेकी
उत्कृ प्रीती और अभिलाषा है तो मुखसे नाना
विनती वडाई और प्रार्थना चतुराई कर कर
इस महा म्रग राजके हाथसे मेरेको छुडावले
इस प्रकार पतीके मुखसे वानी सुनकर सो
भामनी दीन गतीसे हाथ जोडकर प्रार्थना

३४
भ
११२

करने लगी कि हे कृपाके धाम हे लक्ष्मी ना
थ हे आनंद मूरती हे दीन हितकारी हे दीनबं
धु हे भक्त भय हारी हे नरसिंहरूप धारी हे उं
दारिद्रोंके हर करने वाले हे पृथवी और दे
वताओंके हृदयको आनंद देने वाले हे दया
निधी इस उरमतीने जो आपके सनमुख अनु चितवचनउचारनकिये
किजोप्रभूकेसनमुखकह ने योग्य नहीथे तो हे दीनानाथ इसमे इसका
कुछ अपराध नहींहै क्योंकि इह प्रकार बुद्धी

११२

र लियेहैं सो पिता तेभी धन्यहैं औोर इह भग
वानभी धन्यहै कि जिनोंने तेरेपर ऐसी अपूर्व
अनुग्रह करीहै अब तमको ओर भक्त हित
कारी भगवानको मेरी वार वार दंड प्रणाम
होवे सोकैसेभी दीनबंधू भगवानहै कि जिनों
ने अत्यंत उदारतासे तेरे जैसे पापकी खानीको
अपना परम धाम जोहै सोदेदियाहै । ४ । चो
पाई । अस जब कहिस वचन प्रह्लादा । असुर

रा॰
मे॰
१२३

123

तुरंत भुत पगपसाया। नव प्रभु हर प्रमोद जल
मारी। दहन दनुज जल तिलक दिवारी। कि
ये त्रप निज भीम वसेखी। हरहिं हर देव गए
देखी। वैजंठी कंठीरय कैसे। भयावन क्रूर
कलेवर जैसे। अनसे प्रकोप पुंज निमिज्वाला
मनमुख होहिं कवन नहिकाला। फेरि विमा
ए देव समुदाये। अवनी हार दनुज पति आ
ये स्थितह्वै लाग नम्र मुख करना। असतुति

दीन दयाल भव हरना। जैजै चारु वरन जल
जारन। सरद्विज धेनु धरनि भय हारण। द
यासिंधु सबसार सुहावा। रम्मय हरम जा
स श्रुति गावा। फणा रतन कर द्योतन दी
पे। तलप ललित वर मंडल प्रदीपे। तन उते
ग पीन स्तन श्रीके। ललित अरविंद पद नी
के। छवि मंदार चारु स्रज धारी। उपमा को
टि मदन छविहारी। भ्रमर प्रेम प्रक्षालन च

रना। नीरज नील नीरधर बरना। श्रीवर उल्ल
ह्रास घनस्वामी। नारायण नरसिंह नमामी।
गीरवाण गंधर्वनिकाया। मुनि ऋषि विप्र संत
महि राया। भूत अपसरा यक्ष सवाहीं। जीव
चराचर जे जगमाहीं। मनुज पसाच उरग दनु
जाता। देव राज पशुपति वरधाता। इनकर
सुजस जास संसारा। गाय मान सुख विवि
ध प्रकारा। काम धेनु द्रुमदेव समाना। देव

अनंत शक्ति परधाना। अखिल लोक विश्राम
अगारी। सार भूत वैकुंठ मुरारी। सदा हरण
हरि मेदनि भारा। धरहिं ललित लीला अव
तारा। अब कृपाल केवल हम लागी। दाह
क दनुज वंस वण आगी। इह नर धार हूल अ
वनारा। आरत जानि हमहिं प्रभु धारा। करु
णा सिंधु भक्त भयहारे। भये दीन देवन रख
वारे। अतसे प्रचंड प्रबल नरगोको। विषय

२४
भ
१२५

प्रताप अंत गत जाको। बुद्धि अगोचर परहिं न
पारा। सकल परस्पर करहिं विचारा। एक क
हहिं ग्रीषम ऋतु तरनी। चपला चैय वदन
कौ वरनी। त्रितिये नैन वाम दव काहू। काहू
कहहिं बडवानल दाहू। विदत नृपथरि कोप
कराला। वरनहिं काहु सकल छित ज्वाला।
अस हर सकल सोच उर करहीं। हरि प्रताप
कछु जानिन परहीं। को सामर्थ नाहिं तिनके

३४
भ
१२८

र दैत कुलके राजाको दग्ध करनेवाले अग
नीके समान नरसिंह भगवान जोथे सो बडा
महा भयानक रूप कर लेते भये तब देवता
गण स्थित भये हूये दूरसेही देखतेहैं निकट
नहीं आय सकते कैसेभी रूपसे नरसिंह देव
शोभाय मानहैं कि अनसे क्रूर और भयंकर
है कलेवर जिनका और महा प्रकोपसे अग
नीके पंजवन लाल भये हूये तिस समय ति

120

नके सनमुख होनेकी किसको सामर्थ्यथी न
व देवता गण अपने अपने विमानोको फेर क
र पृथिवी तलपर दैत्यराजके द्वारमे स्थित हो
यकर बडी नम्र वानीसे नानाप्रकार अस्तु
ती जोहै सो करण लगे कहतेहैं कि जैहो जैहो
तुमारी हे कमलोंवत चरणोंकी शोभावाले
जैहो तुमारी हे गौ ब्रह्मण पृथवी ओर देवता
ओंके भय हर करणे वाले हेभगवान तुम

कैसेहो कि सुधा सिंधु जो क्षीर समुद्रहै तिस वि
षे वडा सुंदर और रमणीक नाग फणियों औ
र रतन मणियोंके दीपकोंसे प्रकाशमानहै
जिनका मनोहर धाम अर्थात् वर शेष नाग
की वडी आनंद दायक कोमल सेजा जोहै ति
सपरहे जिनका शैन और लक्ष्मीके सुंदर क
वौंकरके मरदितहैं जिनके कोमल चरण हृ
दयमे धारी हूईहै जिनोने मंदार जो कलप वृ

हैं जिसके पुष्पोंकी सुंदर माला ग्रौर कोटि
काम देवकी छवीको लज्जा देने वालीहै जिन
की विचित्र मूरती नैमेंही गंगाके पवित्र जल
से प्रक्षालन भये हूये हैं जिनके चरण नीले
बादर ग्रौर नीलेही कमल वतहै जिनके शरी
रका सुंदर वरण ग्रर्थात् रंग श्री जो लक्ष्मीहै
जिसके हृदयमै पवि हर्ण रहता जिनके दरस
नका नित्य उत्साह ग्रौर हुलास गीरवाण जो

श्र
भ
१२८

देवता और गंधर्व मुनी ऋषी संत ब्राह्मण और
पृथवी पाल जो राजे भूत अपसरा यक्ष पिशा
व दैत नाग और मनुष्य देवराज जो इंद्र पशु
पति जो शिव धाता जो ब्रह्मा इनकरके जग
तमे जिनकी नाना कीर्ति और सुजस गाय
मान किया हूआहै कामधेनु कलपवृक्ष के
समान अनंत शक्ती और अनंतही प्रभावहै
जिनका संपूर्ण लोकोके आधार और वैकुंठ

१२८

की संहरणी शोभा और शृंगार पृथवीका भा
र उतारनेके वासते होताहै जिनका जग ज
ग लीला अवतार ऐसे कृपाके समुद्र भगवा
न जोहैं सो अब तिनोने हमकोही दुःखी जा
नकर केवल हमारे ही नमित्त दैतवंसके व
णेका दगध करणे वाला अगनीके समान
रूप महां भयंकर नरसिंह अवतार जेहै सो
धारन कियाहै और दयाकी निधी भक्त रद

३९
भ
१२९

क भगवान हमारेही दीन देवताओंके रखवा
रे भयेहैं देखिये कि कैसा महा प्रबल और प्र
चंड पराक्रम प्रताप और प्रभाव दिखायाहै कि
जहां बुद्धी विचारका कुछभी संचार नहीहै
अर्थात अनंत महिमाहै कुछपार नही पाया
जाता इसप्रकार सब देवता परस्पर सोच और
अनमान करतेहैं एक कहतेहैं कि इह कोई
ग्रीषम ऋतुका सूरज उदय भयाहै एक क

१२९

हतेहैं कि इह विजलीका समूह प्रतीत होता
है और कोई कहतेहैं कि इह महा देवके त्रनी
ये नेत्रकी ज्वालाहै कोई कहतेहैं कि इह समु
द्रकी वडवानल अगनीहै कोई कथन करते
हैं कि इह प्रलयकोपका रूप धारकर संपूर्ण
पृथिवीकी अगनी जोहै सो आय जगीहै ऐसे
संपूर्ण देवता अपने अपने विचारके अनुसार
कहतेहैं परंतु भगवानकी महिमा और प्रा

१४
भ
ए०

क्रम प्रताप जब्र जान नहीं पडताहै तिनमै
कोईभी सामर्थ नहींहै जो श्रेसे नरसिंह भग
वानके रूपको सनमुख स्थित होयकर देख
सकै महा प्रज्वलत अगनी समान भगवान
का कोप जोहै तिसके शांती होनेकी गती
को देखतेहैं श्रोर भगवानकी शरणको सन
मुख जानेकी परस्पर सम्मती विचार रहेहैं
कि पहिले कौन श्रोर पीछे कौनजावे। ४२।

ए०

1370

चौपाई प्रेरित नहिं प्रथम गण नायक। होहु
तुमहूं इहि समय सहायक। मनमुख जाय
दैव निधि दाया। प्रसन्नति करहु वदन गण
राया। करि मुख मंदमंद गति ठानी। चले स
रन प्रनु सासन मानी। कोपाहन्न वदन हरिदे
खी। काल कराल अनल जनुलेखी। फिरे न
रन पाछिल पग धारी। हरहरहर रव वदन
उचारी। देव राज सन तब तिनकाहा। तुम स

२४
भ
॥३॥

र सकल शिरोमणि राहा। अस कहि इंद्र चर
ण प्रति बानी। भाषी वदन निपुण जिय जानी
हरिषं गवन वरण गति तोरी। नामस गुण प्र
भाव जंाकोरी। वरुण कहत मारुत मन भाषा
तव निज वेग तीव्रतर राखा। अह भय त्रास सो
पि मनमाहीं। हमरे कहत देव कछुनाहीं। व
रणन वरुण कहत असव्यारी। कहहु प्रभा
कर विनय हमारी। हम सामर्थ्य तेज वन ह

॥३॥

हृग। करहु अभिष्ट हरन कर एरा। सोरठा।
तव अम भानु बखान। प्रथम नमोरे तुम क
हा। अब जीवन मम जान आसा साधे काल
कहां। ४२। टीका तव तिनोने प्रथम गणपती
जीको प्रेरा और कहा है गण नायक इस समय
हमारे तुमही सहायक बनो भगवानके सन
मुख जावो और मुखसे नाना प्रकार असतुती
कर कर तिनके कोपकी शांती करावो ऐसे

वा

देवताओंका वचन सुनकर करी मुख प्रधान ह
सतीके मुखसे गणेशजी जो हैं सो मंद मंद ग
तीसे भगवानके सनमुख को चल पडते भये
तब आगे आगे जायकर कोपसे लाल भयाहूआ
मानो त्रिकाल कालकी अगनीके समान नर
सिंह भगवान का मुख देखकर हरहरहर श
ब्द उचारते हूये ततकालही पीछेको फिर
आये और देव राजजो इंद्रहै तिसके पास आय

कर कहने लगे कि हे सुरपती तुम संपूर्ण दे
वताओं विषे सिरोमणी और प्रधान हो तहां भ
गवानके सनमुख जानेकी तुमारीही साम
र्थ है तब इंद्र स्तुति करके वरुण देवको कह
ने लगा कि हे वरुण तेरा नाम स गुण प्रभाव
है और तू परम चतुर है हरीके सनमुख जा
नेकी तेरीही सामर्थ है तब वरुण आगे माह
त जो पवन है तिसको कहता भया कि हे

पवन भगवानके सनमुख तुम जावो क्यों
कि तुमारा प्रनसे करके तीव्र वेगहै और
भय त्रास भी तुमारे हृदयमे कुछ नहींहै ऐ
से वरुणका कथन सुन करके पवन आ
गे सूरजको कहने लगा कि हे प्रभा कर
प्रधान हे प्रकाशकी निधी तूं सरब गुण सा
मर्थ और महां तेजस्वी सूरवीर हैं आज तूंही
देवताऊंके मनोर्थ सफल कर तब सूरज

भी कहने लगा कि भाई तुमने मेरेको पहि
ले क्यों नहीं कहा अब सायं काल होय ग
याहै मेरा बल पौरुष कहां रहा औरमे लुप
त हुआ वहताहूं।५२। चौपाई। इह अवसर
सामर्थन कोई। विनु मयंक हरि सनमुख हो
ई। अहिं क्रोध नरकि हरि निवरणा। सो मयंक
दिन नायक वरना। ससि हनि वदन सह अम
गाथा। हमरे वचर वचर मुख थाना। अगनि

रघ
भ
१२५

धान विद्यामति नागर। अगुगण्प हर सकल
उजागर। आज होहिं प्रभु सनमुख सोई। आ
न देव सामर्थ न कोई। विधि अस सुनत नि
साकर बानी। बोले हृदय अगम अतिजानी
अब तुम मिलि बृंदारक सारी। चलहु शरण
हीरोध कुमारी। सो निवारण करिहिं भगवाना
प्रबल कोप जोई अनल समाना। अस कहि
चरण शरण प्रभुमाया। गवने दीन देव स

१२५

सुदाया। हे अंबे शारद मुद सदनी। मंगल क
रनि निशाकर वदनी। नीरज नवल विलोल
विलोचनी। हृदय भक्त दुःख त्रास विमोचनी
सकल लोक प्रतिपालन जासा। व्रत पुनीत श्रु
ति सेन प्रकासा। सोरठा। मातु कोप पति प्रा
ण। करहु समन चलि शीघ्र तुम। जव श्रम
सरण बखान। तब बोली कमला वचन ४२
टीका। फिर सूरज कहता है कि भाई इस स

ल

रघ
म
१३५

मद्य भगवानके सनमुख होनेको चंद्रमाके
विना और कोई सामर्थ नहींहै सोई नरसिंह
देवके कोपको निवारण करणे वालाहै इ
सप्रकार सूरजकी वाणी सुनकर चंद्रमा जो
है सो कहने लगा कि भाई इसकार्जके करने
को हमारे विषे सामर्थ एक विधाता अर्थात
ब्रह्माहै क्योंकि वे सर्वगुण निधान औरविद्या
विचारमे परम चतुर संपूर्ण देवताओं विषे प्र

१३५

घम गिनती वाला और हमती करके उजाग
रहै आज सोई भगवानके मनमुख होवेगा
और किसीभी देवताको सामर्थ नहीहै तव
ऐसे चंद्रमाकी वानी सुनकर विधाता कह
ने लगा कि भाई इहवारता वडी अगम और अ
तसे कठिनहै परंतु मैतुमको एक विचार क
हताहूं कि तुम सव देव मिलकर क्षीर समुद्र
की पुत्री जो महा लक्ष्मीहै तिसके चरनोकी

दुर्गा
भ
१२९

शरण को चले सोई भगवानके प्रबल ओर
प्रचंड कोप को किजो अगनीके समान महा
प्रज्वलत है शांती करदेवेगी ऐसे विचार क
र संपूर्ण देवता जो हैं सो महामाया की शरण
को चले आवते भये ओर हरषही स्थित होय
कर अनेक प्रकारकी अस्तुतीसे जगदंबे
को रिझावने लगे कहते हैं कि हे अंबे हे शा
रदे हे आनंद मूरती हे मंगल करनी हे चंद्र

माके समान् मुखकी शोभावाली हे नवीन
कमलवन चंचल नेत्रोंवाली हे भक्त जनोंके
हृदयके भय और क्लेश हरकरनेवाली हे ज
गत जननी तू कैसीहैं कि संपूर्ण लोकोंको
पालना यही जिसका पवित्रव्रत कीर्ति और
संत जनोंने गायन कियाहै अब हेमाता तू इस
समय इन तीन देवताओंका हित विचार कर
और चलकर इह प्रलैकालकी अगनीके समा

१४
भ
१२

न प्राण पतीका कोप जो है तिसको शांती कर
अर्थात् शीघ्र निवारण कर तब ऐसे देवताओं
ने प्रार्थना करी तब लक्ष्मी जैसे उत्तर देती है
सो आगे कथन किया जाता है ४३। चौपाई।
इहि अवसर मोरे सुरजाना। मनसुख नहिन
शार्ङ्ग भगवाना। तब देवन अस विनय उचा
री। करिय कवन अब जतन विहारी। कौन
उपाय हमऊं मिलि जोई। नाहिन भयो देव

१२

फर सोई। सकल करोकर शक्ति भवानी। सो
पि आज मानस सकुचानी। प्राण नाथकर म
नमुख होई। भई नकोप समन कर सोई। तो
निश्चय मानस हम जाना। सकल चराचर क
र भगवाना। भयेसि उदित करण संचारा। ह
मरे कवन आज आधारा। अस विचारि हृदार
क सारी। गये शरण प्रह्लाद सिधारी। हे जग
प्रलहाद हार मंदिर। प्रलहाद उर दनुज वि

३४
भ
९८

138

खंडन। आगे नृप नारायण केरो। आज धन्य
कीरति जगनेरो। हरि प्रिय संत शिरोमणि टी
का। भक्त प्रधान प्रथम नवलीका। ध्रुव व
लि करहु समन गुण खाना। नमहुं प्रचंड को
प भगवाना। नव प्रह्लाद स्याम घन बरना।
करि प्रणाम जल जारण बरणा। सनमुख प्र
भय गवन गतिदीना। हरि कृपाय तन आवन चीना
सोरठा। भने वचन कविदान। हे सवनस हे

९८

तात मित। हे सभक्त प्रिय प्राण। अव आलिं
गन वेग तव। करहु मुदित मन आय। मोहि
सन परि हरि सकुच जन। मै जान्यो तव पाय
प्रिय नाना निज काय दुःख। ४४। टीका जग
दंवे कहती है कि हे देवताओ इस समय भगवा
नके मनमुख जानेकी मेरी शक्ति और सामर्थ
नहीं है तव देवता दीन होय करके विनती
करने लगे कि हे भगवान अव हम किसकी

१४
भ
१३९

प्राग्ण लेवैं ओर क्याकरैं जो उपाय हम करतेहैं
सो कोई सिद्ध नहीं होताहै देखियेकि सरब प्रका
रके करने और नाकरनेको सामर्थ भवानी ल
छ्मी जोहै सोभी आज भयमान कर सकुचाय
मान होयगई और प्राण नाथके सनमुख जा
यकर तिनके कोपको निवारण नहीं करसकी
इसतें आज हमने निश्चय जान लियाहै कि भग
वान सरब चराचर स्रष्टीका संघार किया चहते

१३९

हैं अहो हम दीन देवताओंको अब किसका
आधारहै इस प्रकार सब देवता गण विचार
करके प्रह्लादकी शरणको चले आये और
तहां नम्रवाणीसे दीन होयकर कहने ल
गे कि हे सरब जगतके हितकारी हे देवताओं
को आनंद देने वाले और दैतोंके हृदय का
हुलास जोहै तिसको नास करने वाले हे भ
क्त तुम कैसेभी हो कि भगवानके आणण

रे संतो विषे प्रधान और भक्तोंमै प्रथम गिन
नी वाले हो आज जगतमै तुम धन्यहो और
धन्य तुमारे सुजसकी महिमाहै अब हे गुण
निधान तुमही हमारे दीन देवताओंका हि
त विचारो और चलो इह भगवानका महाप्र
चंड कोप जोहै इसकी वेग शांती करो नहीं
तो क्षणभरमै संपूर्ण लोक भस्म होने चह
तेहैं ऐसे देवताओंकी दीनता और दुःखदेख

१४
भ
१५

140

५

कर वडे कोमल चित्तवाले भक्त प्रल्हाद जो
हैं सो नारायणके चरण कमलोंको प्रणाम
करके वडी दीनगतीसे अभय होयकर नर
नेंही दीन वंधुके सनमुख को चलपडते भ
ये तव नरसिंह भगवान अपने प्यारे भक्तको
आवते देखकर अत्यंत कृपा और सनेह के
वचनोंसे कहने लगे कि हेवत्स हेतात हे
सभक्त हेमेरे प्राण प्यारे अव भय और संको

१४
भ
१४१

वको त्याग और आनंद पूर्वक शीघ्र आय क
रके मेरे हृदयको शीतल कर अर्थात मेरे
को मिल हे प्यारे मै जानताहूं जो तेंने मेरी
भक्तीके वश होकर शरीरमें नाना प्रकारका
दुःख और कलेश पायाहै । ४४ । चौपाई । ज
नक दंडकर पीडित भारी । साधु सरल चित
धीरज धारी । अति प्रीय भक्त मोर मन भावा
अस कहि कृपा सिंधु उर लावा । पुलक गा

४१

न रोमावलि ठाढ़ी। बरनिन जाय प्रीति उ
र गाढ़ी। नेति नेति जेहि निगम नरूपा। गु
ण अतीत अव्यक्त सरूपा। ब्रह्म नरीह अगो
चर बानी। अगम जासु गति जाय न जानी
चिदानंद परमातम जोई। आज सु भक्त प्रेम
वश होई। एत नरकेहरि रूप जन अगन।
जन मन करत पतन अलिंगन। प्रमुदित
कहत कृपानिधि बानी। भक्त प्रमत्त आज

सुंद
र
१४२

मोहि जानी। जो मन भाव मांग वर मोही
नहिन देव अज कछु मोही। सुनि भगवान
वदन अस वचना। कृपा सनेह मोद प्रद व
चना। है कर पंकज सीस धरि चरना। नव प्र
ल्हाद वदन अस वरना। हे कृपाल प्रणता
रत हारी। नाथ अनाथ दीन हित कारी। से
न सिद्ध तापस मुनि ज्ञाना। साधन यतन
कठिन हठ नाना। करिहें अ विर्भन तिनके

१४२

रे। हे।नन कृपासिंधु प्रभु मेरे। सो तो आज विदित मम लागी। निज ऐश्वर्य गरवता त्यागी। धारहूल नररूप धरावा। कृपा नकेन विष्णु भ्रम पावा सोरठा। धन्य भाग वड मोर। जहि उदेश त्रिभुवन धनी। आविर्भूत भा तोर मोरे दरसन नरहरी। ५५। टीका। फिर भगवान कहते हैं कि हे धीरजके धाम सारूप्यौर स्वरूपे सभाव वाले मेरे भक्त तूं पिताके अने

२४
भ
१४२

143

क दंड देनेमे शरीर करके परम पीडित होय र
हाहैं ऐसे कहि करके कृपासिंधु तिसको अ
पने हृदयमें लगाय लेते भये शरीर प्रफुल
त होय गया और रोमांच सब उठ खडे हूये प्री
ती और सनेह जो है सो कछु कहा नही जाता
देखिये कि जिस परमात्माको वेद और
शास्त्र सब नेति नेति करके गायन करते हैं
कि [illegible] भगवान इहनही इहभी नही ऐसे नि

षेधसे ही कथन करते हैं अलक्ष अंत नहीं पा
या जाता और गुणोंसे रहित है प्रकट नहीं
होय सकता और निरीह जो कि चेष्टा और
इच्छासे भी रहित है अगोचर है कि जो इंद्रि
योंका विषय नहीं है अर्थात जाना नहीं जा
ता है और वाणीसे भी परे है अगम है कि ज
हां किसीकी पहुंच नहीं है और सत चित आ
नंद रूप है कि जो सदैव रहने वाला चैतन्य

२४
भ
१५५

ओर आनंद मूरती हैं ऐसी अनंत महिमा ओ
र अनंत ही प्रभाव वाले भगवान जो हैं सो आ
ज भक्त की प्रीती ओर प्रेम के वश होय कर
नरसिंह रूप धार कर के अपने जन के साथ
तिसके अंङ्गन मे प्रत्यक्ष आलिंङ्गन कर रहे
हैं अर्थात हृदय सो हृदय जुडाय कर मिल
रहे हैं ओर फिर आनंद मे मगन भये हूये भ
गवान कहते हैं कि हे मेरे प्यारे भक्त तेंआज

१५५

मेरे को प्रसन्न जानकर जो वर तेरे मनको
भावताहै सो मांग तेरे को अदेय कुछ नहीं है
मै सब देसकताहूं तूं संकोच को त्याग करके
मांग हे भक्त मांग इस प्रकार भगवानके मु
खसे वचन सुनकर और दीनानाथको पर
म प्रसन्न जानकर प्रह्लाद जो है सो दोनो हा
थ जोडे हूये चरनोपर सीस धर कर प्रार्थना
करने लगा कि हे कृपाके धाम हे दीनजनों

१४
म
१४५

के दुख क्लेशों दूर करने वाले हे अनाथोंके ना
थ हे भक्त हितकारी देखिये कि संत सिद्ध
तपस्वी मुनी ज्ञानी और ध्यानी जोहैं सो हे
प्रभू तुमारे दरसनके निमित्त नाना साधन
यतन और अनेक कठिन हठ करते रहतेहैं
परंतु कृपा निधान तुम तिनके ध्यान मात्र
भी नहीं आवतेहो आज मेरे कैसे उदय भा
गहैं कि जिसके निमित्त संहरण भवतोंके प

145

ती और दीनहित कारी नै अपना ऐश्वर्य औ
र बड़ाई त्यागकर इह नरसिंह रूप धारण
करके बहुतही श्रम पाया है आजमै धन्य
हूं और धन्य मेरे भाग्य हैं कि जिसकी भक्ती
के वश होयकर तीन लोकके नायकने इ
ह नरसिंह भेष धारण किया और परतत्व
मेरेको दरसन दिया है । ४५ । चौपाई । मांग
हु कवन नाथ वर आना । मनमुख देखि

२४
भ
१५८

146

बसहिं भगवाना। जो कृपाल मोपे करि
दाया। देन चहहु वर भक्त सुहाया। तो क
रुणाय सिंधु करि नेहू। मोरे देहु रुचिर
वर एहू। जनम जनम प्रभु भक्ति सुहाई। संतनरहहिमोरउरछाई
हे अनंत हे त्रिभुवन साईं। सदा बसहु मो
रे मन माहीं। अब दिल प्रेम नित्य नव मोरे।
पावन पद सरोज हरि तोरे। बढहिं बिरा
म लोन प्रभु होई। एहु कृपाल देहु वर मो

१५८

ही। भक्त याचना सनत अगारी। एव मस्त
मुखेगिरा उचारी। बहुरि दीनबर कृपा निधा
ना। होहु अमर तव सवे सजाना। अब आ
गल तब बंस मझारा। होहिन मोर करन सं
वारा। निस कंटिक तव राज सुहावा। अनु
दिन करहु रुचिर मन भावा। पुनि पवि तो
ष हरन सँमाना। कीन कृपाय काय भग
वाना। अब तम देव विगत ज्वर होई। सजु

२४ भ १६०

147

व कलेस जास उरखोई । अति प्रसन्न मन स
हित समाजू । करहु यथा सुख निज राजू ।
नायनाक निज लोक मझारा । विचरहु विधि
आयस अनुसारा । नव प्रसंसि सुख विविध
प्रकारे । करि प्रणाम सुर सकल सिधारे ।
सोरठा । बहुरि राज अभिषेक जन प्रह्लादहिं
देत नहं । आपके हरि नरभेष । दशाउत्र ग
वने हरी थह । टीका । फिर प्रह्लाद कहतोहे

कि हे दीनानाथ तुम कलप वृत्त ग्रोर चिं
तामणीके समान सरब सिद्धियोंके देने वा
ले मेरे साचात सनमुख स्थितहो ग्रब मै कौ
न वरकी जाचना करूं ग्रर्थात् कौन वर मां
गू परंतु जो कृपा निधान मेरे पर ग्रनकूल
भयेहो ग्रौर प्रसन्न होयकर वरदेना चहते
हो तो हे दयानिधे हे भक्त सहायक ग्रनु
ग्रह करके यही वरदेवो कि जनम जनम

२४
भ
१५८

विषे तुमारी सुंदर भक्ती जो है सो मेरे हृद
यमे निरंतर करके दृढही रहे और हे प्र
भु हे त्रिभुवन स्वामी तुमभी सदैव मेरे
हृदयमे निवास करते रहो हे तुमारे च
रनोका पवित्र प्रेम जो है सो मेरे हृदयमे क
दाचितभी घटै नही दिन दिन नित्य नवीन
ही वढता चला जावे इस प्रकार भक्तकी
जाचना और प्रार्थना सुनकर भगवान प्र

१५८

सन्नभये हूये एव मस्तू शब्द कहिदेते भये
कि हेभक्त ऐसेही होगा फिर कृपा निधानने
इह वरदिया किहे मेरे प्राणप्यारे हे मेरे सखे
अवंतू सरव उपाधियों से रहित होकर अमर
हो इसते आगे तेरे वंसमे मेरे हाथसे किसीका
संहार अर्थात् मरना नहीं होगा अब तुं आनं
द पूर्वक निसकंटिक राजकर तेरे को कि
सीका भय और त्रास नहीं होवेगा ऐसे प्र

१४
भ
१४९

ह्लाद भक्तको वरदेकर फिर भगवान देव
ताओंका परितोष और सत्कार करते भये क
हने लगे कि हे देवताओ अब तुम हृदयसें दुः
ख और कलेशको त्यागकर और अभय हो
यकर आनंदसे अपना पूर्ववत् राज जो है सो
करो और स्वर्ग लोकमे जायकर विधी जो
ब्रह्मा है तिसकी आज्ञा अनुसार अपने सब
कारज विवहार जो हैं सो करो और आनंद सु

१४९

वंक विचरी नव देवता गण भगवान क्रपा
नियानकी वडी सुंदर हितके देनेवाली शि
क्षा सुनकर और अनेक प्रकार अस्तुती क
र कर वार वार प्रणाम करते और जैजै उ
चारते हूये अपने स्वर्ग धामको चले गये ति
सके उपरांत राज्याभिषेक जो राज तिलक है
सो विधी अनुसार अपने हाथसे जन प्रल्हा
दको देकर फिर आप नरसिंह भेषधारी भ

१४
भ
१५०

गवान आनंद पूर्वक उत्तर दिशाको प्रस्थान कर जाते भये अर्थात् चले जाते भये। ५८। चौपाई। नव प्रह्लाद वंस निज धरमा। लागेउ करन दहिक पितृकरमा। सनकादि संत स ज्जन मति शाला। इस प्रकार भगवान कृपाला। सदा भक्तवश भक्त सहाई। रक्षक भक्त भक्त भक्त सुखदाई। जुग जुग प्रेम भक्ति वश होई। सुर द्विज धरनि धेनु हित सोई। कृरम

१५०

150

कोल मनस इत्यादी। यदहिं नृप भगवान
अनादी। तांते देस सुजस सुख करनी। स
कल प्रधान भक्ति बुध बरनी। भक्ति पुरु
ष कहूं संतनिमांही। सकल सुलभ दुरल
भ कछु नांही। अस प्रह्लाद चाहवर सोहा।
परम पुनीत चरित मनमोहा। यद्यपि यथा
अलप मति दीना। तहि अनुसार कथन क
छु कीना। सरब सावद इह कथा सुहाई।

१४
भ
।५।

जो इहि सुनहिं श्रवण मन लाई। सोरठा। हो
हिं भक्ति भगवान। संतत नांकर हृदय दृढ
मिटहिं मोह मद मान कष्ट दोष वंदन मुक
त ४७। टीका। तब पीके प्रक्षाद जो है सो अ
पने वंसकी रीती अनुसार पिताका मृतक
करम सब विधी पूर्वक करके अपने राज
काज और संत भक्तोंकी सिवकाईमे तत्प
र होजाता भया नाभादासजी कहते हैं कि

।५।

हे संतो इस प्रकार भगवान कृपा निधान म
हेव भक्तोंके वश और भक्त सहायक भक्तर
क्षक और भक्त सुखदायक हैं जुग जुग वि
षें भक्त जनोंकी भक्ती और प्रेमके वश हो
कर गौ ब्राह्मण पृथवी और देवताओंकी र
क्षा करने वाले दीनानाथ कूरम वाराह औ
र मतस अर्थात मच्छ इत्यादि अनेक अवता
र धारण करते रहे हैं तोते संपूर्ण सुख स्व

१४
भ
१५२

152

जस और कल्याणके देने वाली इह सरव प्र॰
थान भगवानकी भक्तीही शास्त्र और बुध ज
नोने गायनकीहै भक्तीवाले पुरुषको संसा
रमे सब सुलभहीहै दुरलभ कुछ नहीहै इस
प्रकार इह प्रल्हादकी परम पवित्र और मनो
हर गाथा जोहै सो मैने कुछ किंचन मनीके
अनुसार गायन करदेइहै इह कैसीभी गाथा
हैकि सरव सुखोंके देनेवालीहै जोकोई इस

१५५

~~155~~


153



भ० मा०
१५२

को श्रद्धा पूर्वक पढेगा अथवा श्रवण करेगा
तो तिसके हृदय मै भगवान की पवित्र भ
क्ती जो है सो निरंतर करके दृढ होजावेगी
श्रौर भगवान की कृपा के प्रसाद से तिसके
कष्ट दुष दोष श्रौर बंधन इह सब छूट जावें
गे इसमै कछु संशय नहीं है ४७। इति श्री भक्त
विनोद ग्रंथे भगवद्भक्ति महात्मे भाषाटीका
यां प्रकार वर्णनं नाम सरगः

मीहां सिंह कृत





३५
भ
१

अथशंकराचार्यचरितं ॥ सोरठा। गुरुवर कृपा निकेत। अव शंकरा चारज कहूं। प्रेम भक्ति सुखदेत। कथन महातम ललित तर। चौपाई। जासु सुनत उरज्ञान प्रकासहिं। मद जडतादि मोह भ्रम नासहिं। उत्तम द्रवड देस महि जोई। मझातंग नाम अस होई। सरिता तहां डरित गण हारी। संगम जवन ललित जिनकारी। सो

१

श्रुति परम पुण्य प्रदनीका। जहि जग विदि
त देश्वर लीका। तहं खगेरि रुचिर असना
मा। रंमय पुण्य मानवर ग्रामा। लोक सक
ल तहि ग्राम निवासी। परम प्रवीन ज्ञान गु
णरासी। यज्ञ विशारद शील सुधरमी। वे
द विहित करम कर मरमी। पतिव्रत धरम
निरत नर नारी। दान दयादि विमल व्रतधा
री। सोरठा। ब्रह्मलोक समग्राम। सकल

३५
भ
२

धाम सदधाम सम। परम अर्थ श्री काम। शे
षेशी मथ वसहिं जनो।।८।। टीका। नाभादास
जी कहतेहैं कि हे कृपाके धाम गुरु स्वामी
जी और हे संतजनो अब शंकराचार्य जीकी
मनोहर गाथा जोहै सो आपके आगे कथन
करताहूं इसको ध्यानदेकर श्रवण करिये
और यह कैसीभी गाथाहै किजिसके श्रवण
करनेसे हृदयमें ज्ञान प्रकाश होजाताहै

२

और मोह मद जड़ता भ्रम इत्यादि विकार
जोहैं सो सब नाशको प्राप्त होजातेहैं कह
तेहैंकि द्रविड़ देशकी बड़ी उत्तम भूमीजोहै
तहां भद्रा औररंग नाम करके पापोंका ना
श करणेवाली दो नदी विदितहैं तिनका सं
गम जोहै सो संसारमें परम पुन्यके देने वा
ला और सब तीर्थोंमें प्रधान बड़ा प्रसिद्धहै
और तहांही शृंगेरी नामकरके एक पुन्यमा

२५
म
३

न और बड़ा रमणीक ग्राम होतासया तिसग्रा
मविषे निवास करणे वाले लोक जोहैं सोसब
ज्ञान विचारमे परम प्रवीन और यज्ञोंके कर
नेवाले वडे [illegible] और सधरमी करम कांड
मैभी चतुर और वेदके जानने वाले तहांकी
स्त्रीभी पतिव्रत धरममे प्रवीन सबनारी नर
दान और दयामे श्रद्धावाले और परम व्रतधा
री मानो वे ग्राम ब्रह्म लोकके तुल्य था और

३

तहांके हर सब देवताओंके वरोंके समान
थे और ऐसे प्रतीत होताकि धरम अरथ
काम मोक्ष इह चारो पदारथ तिस श्रृंगेरी
ग्राममेंहि निवास करतेहैं ॥ चौपाई। तहां ए
क द्विजवंस मकरंधो। हरमचूप लीला अव
तरयो। वेद वेदांग निपुण गुण धीरा। श्रुति
हित जानि सवन मतिधीरा। वेदाध्यासन ह
विर कराकहिं। धरम सम्मपन्न लोक सुखव

३५
भ
४

पावहिं । शंकर नाम तासु समदाना । धर्म
स्वरूप धरम प्रति दाता । जहि विधि स्राय
भवति श्रवनारी । सो श्रव कथा मनोहर सा
री । सादिर करहु कथन दुःख हरनी । ललि
त मोद मंगल मन भरनी । रहे लोक जोई थ
रुनि वसेरा । संत सिद्ध तापस द्विजसेवा ।
सो कलिकाल घोर अति पाई । सकल वि
घ्न उरथीर विहाई । दान मान यज्ञादिक

करमा। भये समग्र लुपत वर धरमा। ग्रुग
ध प्रपंच जयन मतसारी। नास्तिक धरम नि
रत नरनारी। दयादान श्रद्धा ब्रतमाहीं। है
सभाव प्रीती हरिनाहीं। वर्णाश्रम च्युत निं
दक भारी। हव्य कव्य वरजित सटमारी। सो
रठा। वेद शास्त्र प्रति कूल। परिहरि सत्य अ
सत्य रत। धरम रूप जगमूल। तोकर दा
हक अनल जनो। २। टीका। तहां ब्रह्मलों

३५
भ
५

के वंसविषें एक शिव स्वरूप लीला अवतार
होताभया सो कैसाकि वेद और वेदके अंगों
को जाननेवाला और गुणोंकी निधी बडे हि
तके संपूर्ण ब्रह्मणोंको वेद पढावनेमें प्रवी
न तिसके प्रसादसे सब लोग धरम और स
करमवाले होयकर परमसुखको प्रापत
होते भये और वे प्रापकी मूरती धरम और
धीरजके देनेवाला शंकर नाम करके लो

५

गोंमे प्रसिद्ध था और तिस उपकार की निधी का
जिस प्रकार पृथवी तलपर अवतार होता
भया सो परम मनोहर और सुखदायक हृ
दयमे आनंद और मंगलोंके अर्थ करने वा
ली गाथा जो है सो अब प्रीती पूर्वक गायन क
रता हूं क्योंकि गो ब्राह्मण संत सिद्ध तपस्वी
मुनी ऋषी जोगी जती इत्यादि पृथवीतल प
र वास करने वाले जोथे जो घोर कलीकाल

का प्रभाव पायकर सव व्याकुल और धीरज
से रहित होयगये दानमान यज्ञादिक करम
जोहैं सोभी सव लुप्त होयगये और परम
कीभी हानी होयगई सर्व प्रपंच अर्थात् स
ष्टीके सवलोग जोहैं सो जवन मतकाले हो
यगये जहां लग नारीनर जोथे सो सव कालि
क मतको आश्रय करलेते भये दया दान
श्रद्धा व्रत इनविषें किसीकी रुची और प्रीती

नही रही सब लोग धर्मके द्वेषी श्रौर विरो
धी होयगये श्रपने वरण श्राश्रमसे भूलक
र देव श्रौर पित्री करममे रहित वेदशास्त्र
से विरुद्ध सत्यको त्यागकर श्रसत्य विषें
प्रवृत होयकर धरम रूपी जो जगतमें हुई
है तिसके दग्धकरनेको मानो श्रगनी हो
य जाते भये १। चौपाई। श्रसप्रकार कलि
जवहिं प्रचंडा। लागफोटेन विविध विधिदंडा

१५
भ
७

सब इंद्रादि भाग सब छीने । सुर पितरादि सं
ग निज लीने । हव्यकव्य [illegible] परम दुखारी
आय शरण विधि सकल सिधारी । करि प्र
णाम सुर विनय बड़ाई । विविध प्रसंसि ब
रन सुजगाई । देखि नलिन भव देव दुखारी
प्रभु दित गिरा वदन उचारी । सहु सरब हंरा
सक तोरे । उपज कलेश विदित जीय मोरे ।
करहु उपाय धीर उर धरहो । गवहु भवन

चिंता जनि करहो। धरि उर विधि भरोसञ्च

अराये। करि प्रणाम निज भवनन आये।

तव कैलास कीन विधि गवना। राजे जहां

शंभु मुद भवना। हरिहर तहां जुगल विधि

दीधा। देखिविरंचि दृगन सुखपाया। मोद

हा। वैसो रानमुख जाय। करि प्रणाम या

ना वदन। प्रसतति बहु विधि गाय। विनय

करत जुग जोरि कर ३। टीका इसप्रकार

३५
भ
८

महा प्रचंड कलि काल अर्थात् कलियुग जो
है सो जगतके लोगोंको अनेक प्रकार का दं
ड देने लगा तब इंद्रादिक देवता यज्ञभाग जो
है तिनसे हीन भये हूये सब देव और पितरोंको
साथ लिये हूये बडे दीन और दुःखी होयकर
ब्रह्माकी शरणको चले आये तहां बारबार
दंडप्रणाम करके फिर अनेक प्रकारकी
प्रसन्नती करकर कहने लगे कि हेप्रभू ह

मको अब पृथ्वी तलपर नाखिद्री और नदेव
भाग कोई कभी नहीं देताहै हम कौन आ
धारसे जियेंगे तव विधाता देवताऊंको दुखी
देखकर वडी खेदायक वाणीसे कहने
लगा किहे देवताओ इह तुमारा कलेश और
दुःखजोहै सो सरवही मेरे हृदयमें विदितहै
अर्थात् आगेही जान रहाहूं अब तुम धीरज
को धारो और चिंताको त्यागकर अपने घर

को चले जावो मैं इस वार्त्ता का अवश्य उपाय
करता हूं ऐसे सुनकर के देवता जो हैं सो विधा
ता के भरोसे को हृदय में राखकर और वार
वार प्रणाम करकर अपने घर को चले आये
उहां ब्रह्मा भी उठकर कैलास को महादेव
जी के पास चला जाता भया तहां जायकर क्या
देखता है कि शंभू और विष्णु भगवान दोनो
विराजे हूये परस्पर वार्त्ता आलाप कर रहे हैं

विधाता देख करके परम सुखको प्राप्त भ
या और प्रणाम करके मनमुख जायवे का फि
र दोनो हाथ जोडकर और प्रसन्नती करक
र जिस प्रकार विनती करणे लगा सो आ
गे कथन कीजाती है।२। चौपाई। आश्रयगा
वि देव वलतेरा। स्रजन प्रपंच परम अतमो
रा। सोतो सकल लोक इहिकाला। करम भू
मीपर दीन दयाला। भवतप कृपा दान प्रत

३५ भ ९

जोई। वेद बहीन रीत सब खोई। जग आचार
निरत सब भयऊ। नाहिं नधरम करम कछु
रहयो। किंनर यक्ष विबुध गंधरबा। पन्नग
दीन हीनबल सरबा। निज निज बली भाग
नहींपायो। प्राणमात्र अवशेष रहायो। सो
रठा। आये शरण तुमारि। दीनदयाल करु
णाय तन। अब कछु हृदय विचारि। इनक
र कीजिये प्रति कृपा। ४। टीका। ब्रह्माक

९

10

हताहै कि हे देव मै तुमारे वलको आश्रयता

लेकर वडे यतनसे इस प्रपंच अर्थात् जग

तको रचताहूं और यही मेरा धरमहै सोतो

सवलोग इस करम भूमीपर यज्ञ जप कि

या दान व्रत इत्यादि वेदकी रीती और मर्या

दा जोहै सो सव खोयकर अधम जयना चा

रमे प्रवृत्तहोय गयेहैं अर्थात् सव नास्तिक

ही वनगयेहैं धरम और सुकरम पृथवी

३५
म
॥

पर ऊसकभी नहीं रहा किन्नर यक्ष देवता गं
धर्व नाग इह सब दीन और बलसे हीन हो
गयेहैं अपना अपना बलीभाग जो नहीं
पाया तो शरीरोंसे सूखकर पीछे प्राण मा
त्रही रहिगयेहैं अब हे दीनानाथ सबमिल
कर तुमारेही चरनोंकी शरणको आयेहैं
सोजैसे बन पडताहै तैसेही इनदीन देवता
ओंका हित विचार कर ऊसकशीघ्र उपाय क ॥

रिये । ४१ चौपाई। तव प्रभु रमानाथ भगवा
ना। सुन विरंचि प्रेम वचन बखाना। मोर
आगमन वृषभ ध्वज पाहीं। प्रथम विदित
मोर मन माहीं॥ तातें इहां प्रथमहि आवा। अ
व प्रभु शंभु जवन मन भावा। सकल लोक
हित हृदय विचारी। जो कछु भनहिं यथा
त्रिपुरारी। विरंचि उपाय करहिं हम सोई।
हरप्रसाद सबकर हित होई। तव प्रभु महा

३५
भ
१२

देव भगवाना। सुनहु गरुडध्वज वचन बखा
ना। अहो विठल बिसमय अति वचना। वि
स्तरन भयो धरनि मत जयना। यथा स्वस्ति
भवप्रजा सुखारी। कहहु यतन सोई हृदय
विचारी। नहिपरमै रमीम सुखदाई। करहु
उपाय जवन वन आई। तब प्रभ कह विधि
वि श्रीरमना। हे कृपाल प्रभु मन्मथ दमना।
जहि विधि प्रजा स्वस्ति जुत होई। हम प्रभ

करहिं कथन अब सोई। जम हम मान लोक करि गमना। अंशऽवतार धार द्विज भवना। सोरठा। वेदशास्त्र यज्ञादि। करन स्थापित यथावत। रुचिर धरम पथ साधि। निदरि जवन शासन सजग। दोहा। नास्तिक मतकर विघ्न कहं आस्तिक अनल जराय। सकल भस्मकरि लोक निज पनि प्रभु वलह्व पराय। ५। टीका। जब रमापती भग

३५
भ
१३

बान जोहैं सो ब्रह्माको कहने लगे किहे धाता मेरा इह महादेवके पास आना मेरेको प्रथम ही स्फुरपडाथा तांते मै इहां आ ऐहीं चलाआ याहूं सब शंकर देव अपनी बुद्धीके अनुसा र संपूर्ण लोकोंका हित विचार कर जैसी शि क्षा देवैंगे हम तिसकाही श्रम और यतन करैं गे इसतैं तिनके प्रसादसे सब लोगोंका हित और भलाई निश्चय होगी ऐसे भगवानका

13

कथन सुनकर महादेव कहने लगे कि हे
गरुडध्वज हे लक्ष्मीनाथ देखो बडे आश्चर्य
की बात है जो संपूर्ण पृथिवीपर जहां तहां
इह जगत मत जो है सो व्यापत होय गया है
अब जिसप्रकार प्रजाको कल्यान और सु
ख प्रापत होवे सोई प्रकार मेरेको हृदयमे
विचार करके कहो तिसपरमे जैसे बन प
डेगा तैसेही उपाय कहूंगा तब महादेवको

३५
भ
१४

वचन सुनकर ब्रह्मा और विष्णु कहने लगे
कि हे त्रिपुरारी हे कामदेवके दग्ध करणे
वाले शंभु अब जिस प्रकार प्रजा कल्याण
और सुखको प्राप्त होतीहै हम आपके आ
गे सोई उपाय कथन करतेहैं क्योंकि हम तु
म अंशावतारं कर और मात लोक अर्थात्
पृथवीतलपर ब्रह्मणकुलमे जनम पाय
कर वेद शास्त्र यज्ञव्रत दयादान इत्यादि

धार

१४

धरमका मारग सब साधकर ग्रोर जयन
प्रभावका भलीप्रकार निरादर करकर ग्र
र्थात नास्तिक मतके व णाको ग्रास्तिक
ग्यानकी ग्रगनीसे भसम करके फिर ग्रा
नंद पूर्वक ग्रपने लोकको चलेग्रावें इस
प्रकार जब विसु भगवान ग्रोर ब्रह्माने क
थन किया तब महादेव स्वीकार करके
कहने लगे कि ग्रेसेही होगा तिसतें उपरं

३५
भ
१५

त ब्रह्माजीहूं सो अपने धामको चले आये
और आवनेंही सबदेवताउं को धीरज और अ
भय देतेभये फिर हृदयमें विचार करने ल
गे किमैं अब देवताउंकी भलाईके लिये अप
ना कौन देशविषे अवतार धारन करूं अरु
उनके हृदयके कलेश और विपतीको हरूं
ऐसे देवताउंका हित विचार कर ब्रह्माजीहे
सो मिथला पुरीमें एक श्रेष्ट ब्रह्मणके घर

१५

विषे जनम लेकर मंडिन मिसर नाम करके
प्रसिद्ध होजाते भये औार पृथवीका भार देव
ताउंके भय दूरकरने वाले तीन लोकके ना
यक विस्नु भगवान जोहैं सोभी तिसके सा
मीपही अवतार धारकर उदयना चार्ज क
रके लोगोंमे उजागर होतेभये औार द्रवि
ड देशमें ब्रह्मण वंशविषे शंकर नाम कर
के धरम और मीतीके प्रतिपादन अर्थात

३५
भ
१६

स्थापित करनेको प्रवीन शंभू भगवान प्रव
तार धारते भये अवप्रथम तिनकीही गाथा
जैसीक मेरे श्रवण मारगमे आईहै अर्थात
मैने सुनीहै तैसीही भ्रमके हरने वाली और
जगतमे धरमके प्रकाश करने वाली जो
है सो हे संत जनोमे आपके आगे गायन क
रताहूं सरव देवोंके देव और सर्वगुण निधा
न त्रिपुरारी जोहैं सो श्रमके विना सहजेही

१६

कौतुकसे वेदाध्यायन अर्थात् वेदके पढ
नेमें प्रवीन होयकर ब्रह्मचर्य गृहस्थ वान
प्रस्थ इन आश्रमोंको उलंघन करके फिर सं
न्यस्तपदमें जायकर स्थित होते भये तहां वि
धी पूर्वक पवित्र दंडजोहै सो धारण करके
जहां तहां दंडी स्वामी प्रसिद्ध होय गये तब
अपने बल पराक्रम और विद्याके प्रभावसे
दिग्विजय करनेकी अभिलाषा वाले होय

१५
भ
१

कर देश देशांतरोंकों प्रस्थान करदेते भये
इस प्रकार फिरते फिरते जब तीनोंही दिशा
को जीत चुके और जहां तहां अपना वैस्नव
धरम जोहै सो स्थापित करदिया तब आगे
को फिर चलते चलते धरमके प्रतिपादन
करने वाले शंकर भगवान पश्चिम दिशा
जोहै सो तिसको चले आये तहां एक अथ
म राजा निरंतर करके जैनमतमे मुगाय अ

१७

१

थांत मोहित भयाहुआ देखा और तिसकी
जहांलग प्रजाथी सोभी सब नास्तिक धरम
मै गलित भई हुई देखी तब स्वामीजीने तिन
का हित विचार कर धरमके उदय करने
वाला ज्ञान उपदेश जोहै सो यद्यपि अनेक
प्रकारही कथन करके तिनको सुनाया त
थापि तिन महा मंदोंके हृदयमे कछुभी श्र
द्धा और रुची नहीं उपजती भई तहां एक

१५
भ
१८

वडा इह और उरमती पंडित जोया सो अथम
तिस मूढ राजाको रात्री दिन नास्तिक धरम
ही श्रवण करावता रहता आस्तिक धरमकी
कभीऊककभी चरचा नही होतीथी। ५। कोय
ई। दैवयोगकर अवसर पाई। मनवस भ
पास चले आवते भये और सो प्रथम वोध
अर्थात् जयनी आकाशके मारग भ्रमना
भ्रमता जो पृथिवीपर गिरा तो सव अंग अंग

टूटकर ततकाल मूर्छाको प्रापत होयगया
तब तिसकी ऐसी दशा देख करके सब वि
द्वान बडे अचरजके वश होय कर उदयना
चार्यजीके चरनोपर बार बार दंड प्रणाम क
रके अनेक प्रकारकी श्लाघा और बडाई कर
ने लगे राजाजो है सो भक्ती पूर्वक वेद और पु
राणोंको सत्य जान कर तिन जैनियोंके ग्रंथ
शास्त्रोंको मंगवाय करके जलविषे डुबाय

देता भया और जहां जहां कोई जयन मत
वाला देख पड़ा पकड़ करके तुरत अपने
देशसे वाहिर कर दिया और वहुत से सथर
मके सहित आस्तिकभी वनाय लिये और
आप भक्ती प्रीतीवाला होय करके राजा ना
ना प्रकारके धरम और सुकरम जोहैं सो
करने लगा उदयनाचार्ज जीका मंत्र उपदेश
पायकर तिनकाही सेवक होय गया और

३५
भ
१०३

कंचन भूषण वस्त्र मणियों करके तिनका अनेक प्रकार सेवन सतकार करता भया तब तिसतें उपरांत कछुदिन पाय करके उदयना चार्जजी जगन्नाथ स्वामीके दरसन करनेको आनंद पूर्वक पुरुषोत्तम पुरीको चले आवते भये। २१। चौपाई। मज्जन कीन प्रात मनमाना। उदय ग्रहण द्विजनाथ सु जाना। मनसुख जाय रुचिर हरिद्वारा। क

१०३

रि दरसन हृगकीन ज्हारा। वहुरि प्रवेश भ
वन जब वाह्ना। तव कपाट सनमुख जोई रा
ह्ना। भा संलग्न आपहुत ताह्ना। दूसर श्रीरग
वन द्विजनाह्ना। मुंद्यो सोऊ तव तीसर वोरा
आये विप्र सो वनहिं घोरा। प्रमप्रकार त्नपति
ये वतराया। मंदिन द्वार परनि स्तरपाया।
विसमय विवस लोग सब देखी। सकहिंन
वरित वाह प्रभुलेखी। तव द्विज श्रेष्ट उदयना

वारी। निजवर भक्ति दरप अनुसारी। कहिस
मन कछु भये मुरारी। निज ऐश्वर्य विवस मद
भारी। लागे मोर करण अपमाना। मूंदि द्वार
तब कृपानिधाना। पै तुमार इच्छित नी बडाई।
मोर अधीन सनहु सुरराई। तुम महिमा परि
हरण करंता। उपजे बोध विपुल भगवंता।
जब द्विजवर अस वदन उचारा। तत्क्षण खु
ले जुगल जुग द्वारा। रहे जवन तहं निकर १

जागी । देखत भये चकित चितसारी । लिये
संग द्विजनाथहिं ताहां । गये उदय भवन प
ति जाहां । दरसन ललित दिव्य भगवाना ।
दीनकराय सर्व सुखदाना । देखि दृगन द
रसन द्विजनाथा । करत प्रणाम धरनिधर
माथा । भक्तिपूर्वक बहुरि सुहावा । पूजन
कीन देव मन भावा । पुनि भेटादि राखि प्र
भु आगे । प्रसन्नति करण विप्रवर लागे । प्र

३५
भ
१०५

105

स प्रकार हरि दरसन पाई। ग्राये वहिर भव
न हरखाई। कछुक दिवस लग विप्रप्रवीना
तहां निवास रुचिर निजकीना। विश्वनाथ
कर जवन पुजारी। तव तिनकहं निसि स्वप
न उचारी। दीन जगाय दयानिधि पहूं। पाव
न मोर पीतांवर जेहू। मोरे भक्त रुचिर व्रतधा
री। विदित प्रवीन उदयनाचारी। सोरठा। ति
नकहं देवहु प्रात। मम प्रेमा ग्रवतार जग।

मोरी स्थिति विख्यात। तहि प्रसाद संसृति सकल। नतर बोध दुखदाई। दुराचार नास्तिक निडर। तेसामर्थ्य सतुदाई। करबे हिन विसकार मम। टीका। फिर उदयनाचार्यजी कहते हैं कि हे भगवन तुमारी स्थिती और वडाई जो है सो तो सब मेरे आधीन है अर्थात मेरे ही हाथ है देखिये कि तुमारी महिमा के दूर करने वाले बोध अर्थात जय

३५
भ
१०६

106

नी बहुत उत्पन्न भयेहूयेहैं जब इस प्रकार
उदयनाचार्ज जीने मुखसे उचारण किया त
व ततकालही मुंदे हूये चारो द्वार खुल जा
ते भये इस अद्भुतको देख कर पुजारियों
के सहित सबलोग बडे अचरजको प्राप्त हुये
नरनही बडे सत कारसे साथ लेकरके पुजा
री जोहैं सो भगवानके भवनमे चले आये औ
र तहां तिनको सरब सुखोंके देने वाला ज

गन नाथस्वामीका दिव्य दरसन जोहै सोभ
ली प्रकार करवाया तव भगवानका प्रेमासम
नोहर दरसन पायकर आचारी जी पृथिवीप
र माथाधरकर वारवार दंड प्रणाम करने ल
गे और फिर भक्ती प्रीतीसे सवपूजन सेवन क
रकर और दीननासे भेटा आगेराखकर नाना
प्रकारकी प्रसन्नती जोहै सोकरते भये प्रेमसे
भगवान कृपानिधानका दरसन पाय करके

३५
म

107

फिर हरषमे मगन भये हूये आचारीजी ततका
ल भवनके बाहिर चले आये और कितनेक
दिन तहां भगवानकी नगरीमे निवास करते
भये एकदिन रात्रीके समय पुरुषोत्तम भग
वान अपने पुजारियोंको स्वपनेमे कहने लगे
कि उदयना चार्ज नामकरके मेरा परम हित
कारी और व्रतधारी भक्त जोईहां मेरे नगरमे
निवास करताहै तुम प्रातःकाल होतेही मेरा

इद पीतांबर अर्थात् पीतवस्त्र जोहै सो श्रोढ
ने केलि ग्रंतिम मेरे प्रवीन भक्तको देदेवो
क्योंकि वे मेरा ऐसा अवतार है और मेरी स्थि
ती जगतमै तिसकेही प्रसादसेहै नहीतो अ
नेक महामंद और अधम दुःखके देनेवाले
दुष्ट बोधाचारी पृथ्वी तलपर मेरे निरादर
करनेको सामर्थ्य है। २२। चौपाई। देखि रज
नि अस स्वपन अजारी। सकल परस्पर हृदय

विचारी। पीतांबर भगवन सुखदाई। तिनहूं
दीन द्रुत द्विजहीं लयाई। पाय दिव्य हरि चेल
नवीना। विप्र प्रवीन सीस धरि लीना। करि
प्रणाम पूजन मनमाना। लीये प्रसाद कीन प्र
स्थाना। मिथिला पुरी हरष उर छाये। संजुत शि
षन भवन निज आये। तहां रजनि दिन विवि
ध प्रकासू। लग्यो होन वर धरम प्रचारू। वेद
प्रवीन लोक सब कीने। देसदेस पंडित भरि

108

दीने। विमउत भयो धरम पथनीके। विप्रप्र
साद सुलभ सबहींके। अजहूं नाम वेसवर
केरे। वेद निपुण पंडित बहुतेरे। सो अस वि
प्र उदयना चारी। भये जदपि अवसर अनुसारी
जरा ग्रस्त जब भयो शरीरा। तब आये समिथ
र धरिधीरा। कछुक दिवस जबगये विहाई।
करत निवास तहां द्विजराई। तब जोई बस्र
नाल विताता। मणीकरण काकर सुख दा

३५
भ
१०९

ता । तहां आय अवसर अनु सरयो । लीलामा
त्र प्राणपरि हरयो । तजि नरकाय भुशातन दे
हू । वैसव रूप चतरभुज जेहू । धरि विचित्र नि
ज लोक सिधाये । अस प्रकार अवनी तल आ
ये । रचक धरम उदपना चारी । बोध प्रचार प
रनि तपकारी । तिनकर कथा महातम एहू
सादर सुनहिं श्रवण नरजेहू । सोरठा । होहि
धरम रत सोय । उपजहि हरिपद भक्ति उर । अ

१०९

रु निश्चय तहि होय दिन दिन सुमति प्रकास
जग २३। टीका। इस प्रकार रात्रीके समय स्व
पन देखकरके और सब पुजारी परस्पर वि
चार करके भगवानका बडा दिव्य पीतांबर
जोहै सो लायकरके प्रीति सनमानसे उदयना
चार्यजीको देदेते भये तबसो आचारी ऐसे पर
म पवित्र और सुखदायक भगवानके पीतां
बरको लेकरके हरषमे मगन भयेहुये वारवा

र सीसपर धारन करते हैं और अपने आपको ध
न्यधन्य मानतेहैं इस प्रकार कृपासिंधुका पीतां
बर प्रसाद पायकर और भक्ती प्रीतीसे भजन से
वन करकर फिर बारबार दंड प्रणाम करते हू
ये विदाहोयकर सब शिष्योंके सहित मिथिला
पुरीमे अपने घरविषे चले आये तहां तिनकी
कृपासे दिन दिन अधिकही धरमका प्रचार हो
ने लगा सब लोक वेदमे भली प्रकार प्रवीन

करदिये देस देसविषैं जहां तहां पंडितही प्र
कट होयगये सरव ठौरमै धरमही देख पड
ताहै अब लगभी तिनके वंसके वेदमै प्रवीन
बहुत पंडितहैं सो ऐसे धरमके स्थापित क
रने वाले उदयनाचार्जजी समय पाय करके
वृद्ध अवस्थाको प्रापत होय गये तब शरीर
को सिथल विचार कर मिथिलाको त्याग
कर श्रम और यतन करके शिवपुरी जो।

३५
भ
॥

काशीहै तिसविषे चले आवते भये तहां नि
वास करते और विश्वनाथका दरसन पावते
हूये जब कछुकाल वतीत होयगयें तब सम
यके अनुसार एकादिन मणिकरणकाके अ
स्थानाल विषे आयकर कौनकसे सहजेही प्रा
णोंका त्याग करदेते भये और इस मानुष्यका
याको छोडकर अपना सर्वला वैसव चतुर
भुज रूप शरीर जोहै सो धारण करके आने ॥

इसे अपने लोकको चले जाते भये इस प्रका
र इह धरमके रक्षक और बोध प्रचारका ज
गतमे नामकरने वाले उदयना चार्जजी लो
गोंमें प्रसिद्ध होते भये तिनकी इह बडी मनो
हर और अदभुत गाथाजोहै इसको जोकोई
प्रीती पूर्वक पढेगा अथवा श्रवण करेगा
तिसको भगवानकी कृपासे अवश्य धरम
की प्रापती होवेगी और हृदयमे दिन दिन

२५
भ
११५

सत्व और सुमती की अधिकता होती जावे
गी ।२३। इति श्री भक्त विनोद ग्रंथे भगवद्भ
क्ती महात्म्ये भाषाटीकायां शंकराचार्य त
था उदयनाचार्य चरित वरणनं नाम
सरगः ॥ मीहांसिंहकृत

का हीन और मोहकी फासीमे बंधा हूआ नि
पट मूढ और अमाध है कृपा निधानकी माया
के जाननेको इहमंद कहां सामर्थ होय सक
ताथा कृपा करके इस जडके अपराध को
क्षमा करिये हे दीनदयाल त्रणके मरदन क
रनेसे तुमारा ऊछ यश नहीं होताहै इस प्र
कार तिस दैत राजकी स्त्रीका वचन सुन क
रके भगवान कहने लगे कि हे दैतपतनी

२४
भ
११३

1113

इह प्रल्हाद मेरा भक्त जोहै सो मेरेको प्राणोंसे
भी अति प्याराहै और इस दुष्ट ग्रानमाने मेरे भ
क्तको दिनदिन तिरसकार करके नाना प्रका
रका दंड दियाहै सोइह ऐसे अपने प्यारे भक्त
का कलेश मेरेसे कैसे सहारा जाताहै क्यों
कि मै तिसके हृदयमे व्यापकहूं मेरे भक्त
का शरीर जोहै सोमेरीही कायाहै ३७। चौपा
ई। छत्र पवाँप्रकन कीना। मानहु हृदय वज्र

११३

सठ४

थरि लीना। कीन अनर्थ विपुल गत दाया।
नाना दीन दंड दुःख काया। मोर भक्त प्रति कु
ल अभागी। कहि प्रकार अव देवहु त्यागी।
जीयहिं वदन नव देत वखैना। प्रिया कुरंग शा
व वर नैना। कसत वेग अंता घर जावहु। कव
न हेतु दारुण दुख पावहु। निकसत प्राण मो
र अव देवी। होहि कलेश तुमहिं अवसेवी।
वकतर भीम जासु मृगराया। अखिल लोक

३४
म
॥४

ब्रह्मंडनि काया। मैं कवलाय मान पिय देख

हूं। अति अनंत माया कछु लेखहूं। अरु कल

पांत काल जोई अगनी। सो न कोय इहि सह

श दचनी। तांते अहित करन इहि केरी। मोत

प्रतीत कवन विधि मेरी। पति मुख गिरा सुन

त असरानी। आरत करत दीन वन बानी।

वाहन चलन प्राणपति तोरे। कहि कर धा

रण आज प्रभु मोरे। अव पश्चात जियन संसा ॥४

114

रा। कहहु प्राणपति कवन प्रचारा। अस कहि
रुदन सहित कर जोरी। हरि सनमुख करुणा
नहि थोरी। कहत प्रणत मोचन भगवाना।
धीर वीर प्रभु कृपा निधाना। तोसे अस साखा
न विवेकी। लागे करण चपलता शाखी। सो
रठा। तो करहुं कसनाहिं। प्रति निसर्ग चंच
ल मनुज। चपलताई मनमाहिं। तव बोल्या
प्रल्लाद अस। ३८। टीका फिर भगवान कहते

हैं कि देखो इस महा मंदने कुछ पत्र पलका
विचारभी नहीं किया मानो हृदयमे वज्र धा
र कर महा अनर्थ किया और नाना प्रकारका
दंड डाल दियाहै ऐसा अभागी जो मेरे भक्तके
विरुद्धहै अर्थात् मेरे भक्तका वैरीहै मै तिस
दुष्टको किस प्रकार छोडदेऊं ऐसे भगवान
का कथन सुनकर देन राज अपनी स्त्रीको क
हने लगा कि हेप्यारी हेमृग नयनी अवन्ते अंतः

115

पुरमै अर्थात भवनोंके भीतर क्यों नहीं च
ली जाती किसलिये परम दुःख और कलेश
को प्राप्त होय रही है अब मेरे इन प्राणोंको
निकसते देखकर तेरेको और भी कलेश हो
वेगा और तू कैसे सहार सकेंगी तांते अपने घ
रको चली जा हे प्यारी तू देख कि जिस प्रचंड
पराक्रम वाले मृग राजका महा भयंकर मुख
है कि जिसमै अनंत लोक और अनंतही ब्रह्मं

इसे नगीरण अर्थात निगले हूये देखताहूं और
अनंतही मायाभी लखता हूं प्रलय कालकी
अगनी जोहै सोभी जिसके क्रोधके समान
दगध करने वाली नहींहै ऐसे महा कालके
हाथोंविषे पकड़ा हूआमे कैहा प्यारी अब के
से छूट सकताहूं इस प्रकार पतीका वचन
सुन कर पती जोहै सो दुःखी होयकर दीन
वाणीसे कहने लगी किहे नाथ अब तुमारे

११८

प्राणतो चलने चहतेहैं मै किसकी शरणको
प्राप्त होऊंगी ओर पीछे संसारमे मेरे जीवने
का कौन आधारहै ऐसे कहिकर ओर वडे ह
दनसे हाथ जोडकर परम विलापसे भगवा
नके सनमुख विनती करने लगी कि हे दीन
जनोंकी पीडा हरणे वाले हे वीर धीरों शि
सिरोमणी हे कृपा निधान अब जो तमारे ने
सेही साक्षात विवेक ओर विचारके धनी ऐसी

२४ म ११७

चपलता करने लगे तो इह चंचल सभाव वाले मानुष्य जोहैं सो क्या उपद्रव नहीं करेंगे ऐसे माता का वचन सुनकर प्रह्लाद जिस प्रकार कहने लगा सो आगे कथन किया जाता है। २८ चौपाई। अब साहस परिहरि महतारी। ऐता परकहु जाहु सिधारी। हठ परिणाम मातु भल नाहीं। समय विचार देख मनमाहीं। अन हित तजहु जानि हितजीके। करहु न सोच ज

११७

नति उरपीके। सुनि सुत वचन कहत अस मा
ता। तुमकहु राखि उदरमै ताता। जनम्यो दै
भूरि सुतनपाता। वरधित कीन पाय श्रम ना
ना। करत सुतनचतुराई अवलेवा। अब फलहीन
पङ्गु सुत अंवा। जनक मरण कर तुमहिं उछा
हा। सुनि अह्लाद वदन अस काहा। जनक उ
पाय मात हन मोरे। विरचे जवन विदत सब
तोरे। पितुकीन्यो अनुचित अतिभारी। सोहु

३४
म
११८

पाल प्रण नारन हारी। सहिन सके जनकर
अपमाना। अब कस छाडहिं कृपा निधाना।
सोरठा कहिस वदन नव मात। जनक मरण
नमरे सजस। कृत्य कृत्य भा तात। सुनि वो
ल्यो प्रह्लाद अस। ३५। टीका प्रह्लाद कहताहै
कि हेमाता अब विलापको त्यागकर भीतर
घरको चली जा इह हठ करनेका फल शुभ
नहीं होताहै अब देश और समयको हृदयमे

विचार गुन हिनको छोड और सुंदर हिनको
मान पतीका सोच मतकर वे सोचनेके योग्य
नहींहै ऐसे पुत्रका वचन सुनकर माता कहृ
ने लगी कि हे तात मैने तेरेको नौ महीने उदर
मे राखकर जनमा और फिर प्रीती पूर्वक अ
पना दूध पिलाय पिलाय कर बडे श्रम और
यतनसे नानाकलेश सहार कर पालाहै अब
कृतघ्नताई करके माताको निसपालने योग

३४
भ
११५

११९

णोका यही फल देताहैं कि पिताके मरणेका
ह्रदयमे अत्यंत उतसाह मानताहैं नव प्रल्हाद
कहने लगा कि हे जननी तूं भली प्रकार जा
नतीहैं जो पिताने मेरे मारनेके वासते अनेक
ही उपाय कियेहैं और बुद्दीका हीन भगवान
के दीन पाल विरदको ऊकुभी जान नही स
का कि कृपा सिंधूको अपने जन कैसे प्यारे
होनेहैं तोने यही तिसका अनुचित और आप

११५

राय विचार कर दीन वंधु सहार नहीं सके ग्र
व कोपके वश भये हूये भगवान तिसको के
से छोड सकतेहैं ऐसे सुन करके माता कह
ने लगी कि हे पुत्र ग्रव मैने जान लियाहै जो
पिताके मरनेका तेरेको सजस शापत भया
है ग्रौर तूं हत कृत्य हो गयाहैं जो कुछ कर
नाथा सो कर चुकाहैं तब जिस प्रकार प्रल्हा
द उत्तर देताहै सो ग्रागे कथन कियाजाताहै

३५ भ ९.

१२०

३९। चौपाई। जपतप योग जतन बहु साधन। करहिं जवन भगवान अराधन। संत सिद्ध तापस मुनि ज्ञानी। जोगीश्वर रत ब्रह्म अभिमानी। तिनकर अंतकाल भगवाना। चिंतन किये मात्र प्रभु ध्याना। आवत नाहिं त्रास भव हारी। सो प्रतक्ष अबदीन उधारी। धरि उछंग तेरे पति प्राणा। बैठे दीननाथ भगवाना। सरव काल कल्याण सहाई। इह दूषण भू

९.

छगा सुरमाई । सुनि प्रह्लाद जनक सनवानी
भाखी जनहुं अमिय रस सानी । धन्य तात त
व धन्य प्रशंसा । उपजत कीन जासु सव वंसा ।
करि वैकुंठि कंठरय निंदा । किये विदलन
उरन कर हृंदा । पावन पद सरोज जनपाला
प्रभु सख कंद मुकुंद कृपाला । प्रापत भयो
तात वड भागी । दोष कलेश किलख वसु
त्यागी । तव पितु धन्य धन्य प्रभु सोई । तम

पे कृपा जासु ग्रस होई। सोरठा। मोरी दंड प्रना
म। तुमकहं ग्रह भगवान कहं। दीन जासु नि
ज धाम। पित तुमसे रन देष कहं। ४५। टीका
प्रह्लाद कहताहै कि हे माता संत सिद्ध तपस्वी
मुनी ज्ञानी ग्रौर बडे बडे योगीश्वर ग्रमानी कि
जिनके हृदयमे कछु मान नहीहै सो ग्रनेक
जप तप योग जतन ग्रौर हठ साधन कर कर
भगवान का ग्राराधन करतेहैं पंरंतु वेपरण

१४
भ
२२।

२२।

परमात्मा और अनंत मायावाले भगवान
तिनके ध्यान मात्रभी नहीं आवते हैं देख आज
तेरे पतीके उदय भाग्य कि सो दुराराध्य भग
वान कि जो बडी कठिनतासे आराधे जाते हैं इ
स तेरे पतीको अब अपने उत्संग अर्थात् गोदीमे
लिये बैठे हैं हे माई आज सर्वदा शुभ और कल्या
णहीहै और इसके रह दूषणभी सब भूषणही
होयगये हैं फिर पक्षाद अमृत रसकी भीगीहू

ई वाणीसें पिताको कहने लगा कि हे जनक हे धन्य तूं धन्य है तेरी मै कहांलग श्लाघा ओर व र्णई करूं कि जिसने आज संपूर्ण अपने वंसका उद्धार कर लिया है ओर वैकुंठ निवासी नरसिंह भगवानकी निंदा करकर अपने पापोंके समू हका नास कर दिया है ओर संपूर्ण कलेशोंसे र हित होकर सरव स्रष्टिके मूल भगवान कृ पा निधानके चरण कमल जो हैं सो प्रापत क

१२२

अथ ज्ञानदेव चरित्र वरणनं । दोहा । मंगलवि

स्वसंपदा करन पवित्र महान । विस्वभक्त मे

चारिवर लोकविदित यशमान । भक्ति मुक्ति ज्ञ

न ज्ञानविधि सकललोक हितकारि । तिनकर

कथा यथामती करहुं कथनभ्रमहारि । चौपा

ई । विस्वस्वामि परम व्रतधारी । निंबादित्त माध

वाचारी । रामानुज गौरव गुणलीना । इहूवल्ल

भ हरिभक्ति प्रवीना । इनकरसिष परसिष

समताई। सम्मत भक्ति महातम पाई। पूजनीय
संसार कहाये। जीव अनंत पतित उधराये।
अजहुं प्रभाव भक्ति निज साहीं। करत अलं
कृत भेदनि काहीं। विप्र स्वामि वेस व्रतधारी।
संभव भये वल्लभाचारी। उज्जतैलंग विदित
दाहानी। तिनकर कथा सुनहुं भ्रमहानी।
अवसर एक विप्र वडभागी। त्रिय समेत १
निजदेस तयागी॥ अस्तन अजा विसंत ष्टचित रही अरचन
चितलीन

विपुल लोक पतिलोक असनाह महानमवीन
सिषसेवक नाकेभये करम वचन मनकाय ।
निसिवासर सेवत सकल भक्ति प्रीति सरसाय ८
टीका। अविविस्तु संप्रदाके प्रविरन करनेवाले
वडेवैसनव भक्त और यशमान भक्ती मुक्तीके
सहित ज्ञानकीनिधी सर्वजीवोंके हितकारी
और व्रतधारी चारमहात्मा होतेभये तिनको
वडी सुखदायक और भ्रमके नासकरनेवाली

४८
भ
२

गाथाजोहै सोजैसीकबुद्धीके अनुसार होयसकतीहै
कथन करताहूं परमपवित्र व्रतकेधारनेवाले वि
ष्णुस्वामी और निंबादित्य तैसेही माधवाचारी औ
र सर्वगुणप्रधान रामानंदजी इन्हचारोंजोहैं सो
भगवान के परमचतुर भक्त होतेभये औरउ
नके अनेक शिष्य पराशिषजोहुये सो भक्तीके
प्रभावसे संसारमे बडी मान प्रतिष्ठावाले हो
यकर अनंतनहीं जीवोंका उद्धार करतेभये ॥

२

२

आजलग भी तिनकी भक्तीका प्रभावजोहै सो ए
थ्वीतलपर शोभायमान होयरहाहै तिसीके
प्रभावसे लोगोंका उद्धारहूआ चलाजाताहै वि
ष्णुस्वामीजीके वंससे दक्षणी ब्राह्मणोंकी तैलं
गजातीके विषें वल्लभाचारी भी उतपन्न होते
भये अवतिनकी वडी अदभुत और प्रेमके ह
रनेवाली गाथाजोहै सो कथन करताहूं एक
समयसोवडभागी ब्राह्मण अपने कुटंब और

४५
भ०
२

3

देसकोत्यागकरके कहीं और देसकोचलाजा
नाभया और अजा चितवनजोहै सोधारनकर
लिया किसीसे कुछ मांगनानहीं अनिछतजो
आयजावे सो पायलेना नहीं तो हरि हरि जपते
रहना ऐसे तिनकी भक्तीका प्रभाव देखकरव
हुत लोग राजेराजे इत्यादि सब सिष सेवक
बन गये और मनवचन काया करके भ
ली प्रकार भक्ती प्रीतीसे तिनका ।

२

सेवन सतकार जोहै सो करने लगे ।९। चौपाई
एकदिवस भगवान अराधू । आवाविप्र सदन
इकसाधू । पटकौशेय वसहत चाहू । शालि
ग्राम केव शिलधाहू । तहांजवन हरिभवन स
होवा । तोके द्वारनिंब द्रुमछावा । तहिपादिपस
न सेन सजाना । करन शिला निज करन निधा
ना । गयो आप मनभावे आचारी । करि प्रणा
म भावे विनय उचारी । नाथ रुचिर वरठाकर

८८
भ०
४
4

नोरे। देखन दृगन लालसामोरे। भेते मदिन
मन वदन अचारी। जाहुभवन दृगलेहु निहारी
सोनदेस असडज वर लययो। आयभवन हरिदे
खनभयये। सिलानिकर वर शालिग्रामा। एक
तेंएक अधिक अभिरामा। तुलसीदाम सुमन
सितचंदन। किये अलंकृत अनक सुगंधन। दे
खन भवन भूरि सुठिसोभा। गीरवाण सुनिमा
नसलोभा। करिप्रणाम विनवृत पराव। पादि

४

प निंब निकट जब आवा। टीका। सो निपुक्त सुत
माखे हृदनिज गाकुर दिखनाहिं। मखेविला
प सखे विगत डाख लाखि लखे मानसमाहिं।
प्रमावरतन नरतनतर अभिलाखे आव भजाबि
कहत नाथ तरुतें गई आप हुत शिला हमारि

२

टीका। तब एक दिन तहां तिनके द्वारपर एक
साधु आय प्रापत होता भया सो कैसा कि भ
गवानके भजन सेवनवाला और को शेयसो

४८
भ॰
५

पाट तिसके वस्त्रमे बांधीहुई शालिग्राम भगवा
नकी शिलाकंठविखे धारन कीहुईहै। और न
हो भगवानका संदरभवन जाया तिसके द्वारके
सनमुख एकनिंवकाबृक्ष लगाहुआया सो सा
धु तिससिंव बृक्षकी साखाके साथ अपने शालि
ग्रामभगवानकी शिलाको निधान करके अर्थात
लटकाय करके आप आचारीजीकेपास चला
आया और प्रणाम करके तिनके आगे बिनती

५

करनेलगा किहेनाथ आपके सुंदर गाऊरजीहैं

सोमैं तिनके दरसन करनेकी अभिलाषारखे

ताहूं ऐसेसुनकर आचारीजी प्रसन्नहोय करके

कहिनेलगे किहे संतमहात्मा भीतर भवन

मैचले जाइये और आनंदपूर्वक श्रीगाऊरजीका

दरसंपाइये तबसो अतथी आचारीजीकी आज्ञा

पायकर भगवानके भवनमैं जो चलाआयाती

का देखनाहै कि शालिग्राम भगवानकीशिला

न

६८

भ.

६

तहांएकतें एक अधिकही विराजीहुईहैं और त
लसीपुष्प चंदन इत्यादि सुगंधियोंकरके सृंगा
रतकीहुई अत्यंत शोभाका उदयकररहीहैं तैसे
हीं वहींमनोहर भवनकी शोभा कि जिसकोदे
खकर देवतामुनी सबमोहित होजातेहैं ऐसेर
चनादेखकर सो अतथीसंत अचरजके वशभ
याहुआ प्रणामकरके तुरत पीछेकोफिर आ
या और निंब वृक्षकेपास जो आयकर देखेते।

6

६

लगा तोबे अपने शालिग्राम भगवानकी शिला
कि जो निम्ब वृक्षकी साखाके साथ बांधगया था
देखनही पडी तबतो संतहृदयमे मानो लाखवज्रव
मानकर विलापकरताहुआ भक्तभाचारीजीके
पासचलाआया और रुदन करकर कहनेलगा
किहे नाथमे अपने शालिग्राम भगवानकी सुं
दर सिलापाटके वस्त्रमे बांधीहुई इसनिंब वृक्ष
की साखाके [illegible] साथ राखीथी सो कोई

८८
भ.
८
7

हर करके लेगयाहै ।२। चौपाई । कोजानै कोकेम
नभाये । मोरेदेव प्राण सुखदाये । उनबिन मोरजि
यन जगश्रेम । तरफत मीन बिरहं जलजैसे । तासु
उचित तकिभने   अचारी । तजहो शोक संतव्रत
धारी । जायभवन भीतर भगवाना । जोनप्रीय
तमेर मनमाना । सोतानजि सकुच संत हरषाई । ल
होशिला लालन लवपाई । नवबोल्या अनथी अ
सवानी । सनहोनाथ सत्य जियजानी । मोरशिला
८

दिसव वंदिविनायक। प्रान मंगला चरन नवीना
करिप्रारंभ भक्त वरदीना। सोरठा। नवकंछ्ह सा
मजपाय। विघन रहित निरमन। नहांभई ग्रंत
समदाय। हरिटीका श्रीभागवत। १। टीका।
भगवान कहतेहैं किहे श्रीधरस्वामी नम अव
चिंताको त्यागकर ग्रोर सब लोकोका भलाजा
नकर इह श्रीभागवतकी सुंदर ग्रोर सुखदा
यक टीका जोहै सोकरो क्योंकि इसमै इमन

महात्म कि जिसकी कोई मिती नहीं है गोपपति
पूर्णहोय रह्योहै तिसकोकोई लाखनहीं सकता
है तातै तुम तिसभक्तीके महात्मका यतन औ
र श्रमकरकै जगतमै प्रकटकरो हेभक्त प्रधान
मेरे वचनसे तुमारा कथन जोहै सोसब सत्य
होगा इसमै कुछ संशय नहींहै औरभी सुनो
किजबलग पृथ्वीतलपर मेरानामहै तबल
ग संसारमै तुमारा सुजस भी कायम रहेगा

इसप्रकार जब भगवान कृपानिधानने प्रबोध
किया तब श्रीधरस्वामी निद्रासे जागउठे और
स्वपनेको समरण करके परम हरष को प्राप
त होतेभये तिसी दिनतें भगतपाल भगवान
के चरनोको हृदय मै धारकर और गणपती
शारदा इत्यादि देवताउंको हृदयमै मनायक
र प्रातःकाल होतेंही सुंदर मंगला चरणजो
है तिसकाप्रारंभ करदेते भये इस प्रकार ।

४६

भ०
८

श्रम करते करते कछुक समय पाय करके सो श्री
भागवतकी टीकादी नानाप्रकी कृपासे निरवि
घन होय करके सब समाप्त होजाती भई ॥३॥
चौपाई। नव श्रीधरउर आनंद छाये। नामललि
त बहुग्रंथ लिखाये। हर पुरि विदत जवन वि
हाना। तिनपै यथा उचित सनमाना। करिविभ
क्त सब दीन पठाये। विनय वदन श्रम स्वामि
भुलाये। भजन मंद नरन मतिफीका। विरचित्र

८

रसक कछुक इह टीका। नव लायक कसमो
र ढिठाई। पैकछु कृपादृष्टि निजपाई। कवहूं
कि करहु संत सुईकारा। तोइह सफल मोर
श्रमसारा। श्रमजव मधुर मनोहर नीका। श्री
धर स्वामि ललित कृतटीका। वुधजन देखि स
कल सुखमाने। हरषि परस्पर वचन वखाने।
कृति जन प्रवर आज जगमारी। श्रीधर स्वामि
धन्य व्रतधारी। जास सिंधु मथि आगम अपारा

भं॰ ५

प्रकट दिखाय रतन संभारा। जेजड़ मगध मंद समुहाई। तिनकर हृदय ईरखा छाई। नाम्ह नि दरि सब आपन नीका। लगे सयनतन रचन सो टीका। जवतिन लीन सकल विरचाई। भवन विंड़ माधव नव आई। सभासद निजनिज कृत काहीं। लगे प्रसंसन वदन सवाहीं। काहू क हत कृतमोर सुहाई। काहू भनत मोर अधिका ई। करत परस्पर विविध विवाहू। नवजेरहे नि

५

पुण गुणसाधू। सोरठा। तिन अस भन्यो बुझाय
कृपाकरहु हव नमहुं कस। अब निज निज कू
तल्याय। राखहु भगवन भवन सव। दोहा। विं
हू माधव जाहिपर चरन चिह्न निजधार। पटु
प्रवीन तोकर सकल करहिं सदिन सईकार।
टीका। नव श्रीधरस्वामी वडे आनंद पूर्वक तिस
के वहुत ग्रंथ लिखाय कर हरषरी जो कासी
है तहांके विद्वानोंके पास योग्य जान जान कर

भ० १०

सनमान पूर्वक पठायदेते भये और अपनी विनय पत्रकाभीलिख भेजतेभये किहे महाप्रभो मै मंदजड पकातच्छ बुद्धीवाला महामूगध अर्थात कुछभी जाननेवालानहीहूं सोअपनी जडता और मंदमतीके अनुसार इह अप्रसकसी टीका किजिसमै कुछभीरसनहीं है बनायकर्के आपकेआगेभेजदईहै यद्यपि इहमेरी ढीठाई आपलोगोंके योग्यनहींहै तद्यपि अपनी ॥ ।

१०

कृपादृष्टी ग्रौर उपकारके विचारसे जो कदाचित
इसको स्वईकार करलेवोगे तोमेरा इहू श्रमजो
है सो सफलहो जावेगा इसप्रकार जब श्रीधर
स्वामीजीकी रचीहूई टीका तिन विद्वानोके पास
पहुंची तो तिसको देखकर भक्त विद्वान जोथे
सो सब प्रसन्न होजातेभये ग्रौर ग्रनेक प्रका
रशलाघा कर कर कहने लगे कि ग्रहो ग्राज
जगतमे कवि जनोमे प्रधान श्रीधरस्वामी जी

भ० ४५

॥ धन्यहैं और धन्य तिनकी अनंत बुद्धीहै किजिन्हों
ने इस समुद्र रूपी भागवत को मथन कर कर
रत्नोंके समूहजोहैं सो जगतमें प्रकट दिखा
य दियेहैं ऐसे विद्वानजन तो सब हरषको प्रा
पत होतभये परंतु जो अगाध मूरखजनथे ति
नके हृदयमें ईर्षा और द्वेषका प्रवेशहोजाता
भया मंदमती स्वामीजीकी टीकाका निरादर
कर कर अपनी अपनी नवीन रचना करने ल ॥

गज्ञानभये तो जव संपूर्ण कर चुके तवविंह
माधवजीके भवनमे आय कर सभाके वीच
अपनी अपनी टीकाकी शालाघा और वडाई
करनेलगे एक कहता कि मेरी अधिकहै ह
सराकहता मेरी अधिकहै ऐसे तिनका वि
वाद सुन कर तहां जो विद्वान साधुथे सो क
हने लगे किभाई तुम क्यों वृथांही विवाद
करते हो सव अपनी अपनी टीका ल्यायक

४६

भ· १२

कै भगवानके भवनमै तावदेवो नहांजिस पर वि
ह्समाधव कृपाकर्कै अपने चरनका चिन्हलगाय
देवैगे तिसीको सवपंडित विद्वान स्हूजानकर
आनंदसे सर्ईकार करलेवैगे ।४। चौपाई। सुनिस्र
सवचन सभसमदाये। साधु साधु सव वचन
अलाये। श्रीधरपें पुनिविप्र पठावा। ताके अग
प्रबंध समझावा। तासजाय तिनकर सवभा
खा। कहिस प्रथक कछु मरम नराखा।

श्रीधर सुनत कथन नहिनीका । दीन परायन
रत निज टीका । आपुन आयभक्त व्रतधारी । प
ठीनस्व मल विनय उचारी । मै असाधुर्विवक
मतिवारा । इह सुननतनक नास अनुसारा ।
कहो आगम विद्वान जड़ाने । मोरे कवन ना
न नहंमाने । तम इह विनय मोर सवजाई । दे
हु वतस निजवदन सुनाई । अस प्रकार जव
स्वामि उचारा । लियेग्रंथ सोऊ पंथहि धारा ।

४८

भ
१२

13

प्रथम कथन कहि श्रीधरजीका। दीन्योविप्र ब
हुरिनिन टीका। सुनन सकल विद्वान प्रवीना
श्रीधर सुनत सादर गहिलीना। चलिआये हरिभ
वन सुहाये। औरहुं सब निज निज सुनलाये।
राखि सदिन हरिचरनन आगे। नमन विनय
करन असलागे। इह हमार निज निज सुनस्वामी
कृपा नकेन भक्त अनुगामी। इन महं तुमहिं
जवन सुईकाहू। तापर चरन चिह्न निजवाहू

१२

करहु कृपाकरि भक्त सनेहू। होहिं हमार न
चित संदेहू। अस प्रकार निज विनय उचारा
मूंदे वहुरि भवन हरिद्वारा। वहिर आयमा
नस अनुरागे। कीर्तन भजन करन कलला
गे। कल्लुकवेर पाल्ले ध्रुनिआई। कादेखेहिं
वुधजन समुदाई। श्रीधर ग्रंथ प्रकट सिरता
जा। सब ग्रंथन के सीस विराजा। अहविहू
नतिन चरन निहारो। जेनिजवक्त्र शंभअज

धाये। सकल लोक मान सबि समाये। सादिर ली
न्हे सीस उठाये। ताहु प्रणाम करत सबलोगा।
कपट द्वेष दुख मान सत्यागे। श्रीधर सदन ह्रर
षिसवन्नाये। कहिहंतात सावे असनतिगाये।
स्वामि तुमार धन्यजग करनी। कीरति इमत
जाय किमिबरनी। जासु विंडमाधव भगवाना
दीन सुजस असमंसरति नाना। वंदन जोगत
महुं जगआजु। भनत नम्र प्रम उजनसमाजु १४

नव मतसरगन स्वामि प्रवीना। बोले वचनम
धुर रसभीना। सुनहो संत सजन सनमान्या
मे अधीन नमरे सवजान्या। भक्त पाय नव सु
पा वसेवे। मैतिन भाग धन्य जगलेखे। नम
हि जोगय सुन जवन हमारा। करहु नकरहु
संत सहईकारा। विनय युक्त सुनि वचन सुहा
ये। मुनिजन हृदय सकल हरषाये। दोहा।
निश्रण भक्त भगवान लखि विविध प्रसंसा

भ॰
१५

गाय। भक्तिभाव जनवंदि पद निजनिज चलेसि
धाय। असहरि कृपानिधान जग भक्त भक्ति व
स होय। विस्तृन करहिं सभक्त निज विसद सुज
स सवलोय।५। टीका। इसप्रकार तिनका क
थन सुनकरके और जो संपूर्ण सभाके लोग
थे सो साधु साधु उचारन करने लगजातेभये
कि इहवारता वहुत शुभहै इसमै किसीका
पक्षपात नहींरहा तव तिनोने श्रीधरस्वामीके

१५

पासभी एक ब्राह्मण सब वृत्तांत समझाय कर
के पठायदिया सोब्राह्मण स्वामीके पास जाय
कर और प्रणाम कर कर तिनका सब कथन
भिन्न भिन्न करके सुनाय देताभया तब श्री
धरजीने ब्राह्मणके मुखसें तिन विद्वानोंका स
ब कथन सुनकर्के स्वामी आपतो नहींआये
परंतु अपनी टीकाजोहै सो ततकालभेजदेते
भये और ब्राह्मणको कहनेलगे कि भाईतुम

८५
भ०
१८

सबविद्वान जनोंके आगेमेरी हाथजोड करके इहवि
नती करियो किमै तो असाध्य एक तुच्छबुद्धीवाला
किसीगिनतीमे नहींहूं और इहमेरी कृतभी ति
सी तुच्छबुद्धीके अनुसारकी हुईहै इहां अगम औ
र अनेक मतोंवाले विद्वान जेउहूयेहैं मेरेकोतहां
कौन जानता पहिचानताहै इसीतें अपनीबुद्धी
की कायरता जानकर शंकाके वशभयाहूआ आ
पनहीं आय सकाहूं इहजैसी कैसी ढीठाईसें क

16

छ हुनकी हुई है सो आपके पास भेजदई है ऐसे
स्वामीकी विनती पायकर बल्लभजो है सो उस
तक लेकर्के धावनाहु आमारगको काटकर
तहां विद्वानोंकी सभामे चला आया और प्रथ
म श्रीधर स्वामीकी सब विनय प्रार्थना सुना
यकर फिर तिनकी टीका जो है सो दे देना भया
तब साधु विद्वान जन स्वामीका कथन सुन
कर और तिनकी टीका लेकर और सबका वि जनो

भं॰ १८

केटीकाग्रंथों सहित विंदुमाधव भगवानके चर
नोके आगे रखकर नम्रतापूर्वक हाथजोड़कर
विनती करनेलगे किहेकृपानिधान हेभक्त
नेही इन्हरमारे अपने अपने रचेहुये भागवत
की टीकाके ग्रंथजोहैं सोप्रभूहमने आपके च
रनोंके आगे स्थापरखेहैं अब इनमें जोनसा टी
नवंध्र तमको सईकारहै अर्थात मनजूरहै तिस
पर कृपाकरके अपने चरनकमलका संदर।

१८

17

विन्हकरदीजिये तिसतें हेक्रुपासिंधु हमारेह
दयका संशय विवाद सवमिट जावेगा इसप्र
कार तिनोनेविनती करकर भवनके कवाड
लगायदिये और आप वाहिर आयकर वडी
प्रीतीभक्तीसें कीर्तनभजन गायन करने ल
गजातेभये और फिर थोडीदेरके पीछे सव पं
डित विद्वान हरी भवनमें जायकर जोदेख
नेलगे तोक्यादेखतेहैं कि श्रीधरस्वामी जी

भ०
१८

काग्रंथजोहै सोसब ग्रंथोंकासिरताज होयकर
सबके ऊपरविराजाहै ग्रौर हे ग्रोर तिनचरनो क
रके चिह्नभीहै कि जोचरन शिव ब्रह्मादी देव
ताऊंनेभक्ती पूर्वक हृदयमै धारनकिये हूयेहैं
नवरस अद्भुत कौतकको देख करकै सबवि
द्वान अचरजके वशहोयगये ग्रौर श्रीधरजी
के ग्रंथको जायकरकै सनमानसे सीसपर उठा
य लेतेभये ग्रौर बार बार प्रणाम करनेलगे ।

१८

तिसतें उपरांत अपने हृदयका कपट और द्वे
ष सबत्यागकर धावतेहूये स्वामीजीके पास
चलेआये तहां तिनके चरनोंपर दंडवतप्रणा
म कर कर फिर अनेक प्रकारकी प्रसंसनी
गायकर और सब वृतांत सुनायकर कहने
लगे किहे स्वामीजी तुमधन्यहो और धन्यज
गतमै तुमारी करनीहै नाथ तुमारी महिमा
और प्रभावजोहै सोकुछ कथन नहींकिया

भ.
१९

जाताहै आननमंही वंदनाकरनेके योगपहो कि
जिनको विंदुमाधव भगवानने जगतमे ऐसा
सज्जन और वडाईदिईहै ऐसे सब विद्वान साधुज
न अपने अपने भावसे तिनकी अनेक शलाघाव
डाई करतेहैं नवकपटसे रहित सयेसरलवि
न स्वामीजोहैं सो वडी मधुर और कोमल वा
णीसे कहनेलगे किहे संतमको इहजगतमे
सज्जन और सनमानजोहै सोतोमैने सब आप

के आधीन जानाहूआहै तुमारी कृपाको पाय
कर आज मैभी धन्य भागोंवाला होय गयाहूं
इह मेरी कृत अर्थात मेरी कविताजोहै सो ग्र
हणकरो अथवा नाकरो तुमको हीं योग्यहै
और तुमारेहीं आधीनहै ऐसे विनती करके
श्रुत श्रीधरस्वामीके वडे नम्रवचन सुनकर
सब विद्वान प्रसन्न होजाते भये और तिनको
भगवानके परमहद्भक्त जानकर वारंवार

भ० चरनोपर दंडप्रणाम करकै सबसे सजन गाव
२० ने हुये अपने अपने घरोंकोचलेगये नाभादास
जी कहतेहैं किहेसंतो देखिये इसप्रकार भगवा
न कृपानिधान भक्तोकेवशहोयकर अपने भ
क्तका सुंदर सुजस और बडाई जोहै सो संसार
मै विख्यातकरदेतेहैं अर्थात तिसकोजगतमै उ
जागर करदेतेहैं ।५। दोहा। अबमै श्रीधरस्वामि
कर ज्ञानभक्तिमनहार। करहुं कथन संतन

कछु ललित प्रेम रस माहू। चौपाई। अवसरपा

य स्वामि मतिधीरा। पीडत ज्वरहुज कृशपसरी

रा। बीतेविपुल दिवस उपवासा। छूटन चहत

प्राण वपुग्रासा। कृपापात्र माधव अस्तनामा।

सेवक स्वामि विप्र निसकामा। करम वचनम

न भक्ति अभेवा। निसिदिन करत रुचिर गुरु

सेवा। सोस्वामी निजवेद विचारी। माधव भ

यो जीवित जियभारी। कछु विचार वन आव

भ०
२१

ननाहीं। चिंताकुल सोचित मनमाहीं। इतसंता
प गरन जियमारी। उतप्रति जठर जनक ज्वर
धारी। पीडितहृषप काय ज्वरदाहा। मूर्छित प
सो मदन निजवाहा। सोरठा। नासनप रवतिना
रि। पतिहिं देखि मूर्छित परत। आईवेगसिधा
रि। रुदनकरत मनमथ सदन। ६। टीका। अब
औरप्रेमरसकी भरीहुई बडी मनोहर श्रीपर
स्वामीजीकी भक्तीकी गाथाजो है सो कथन क

रताहूं हेसंनो व्याख्यान देकर श्रवणकरिये
समय पायकर्के धीरजके धाम श्रीधरस्वामी
जोहैं सो ज्वररोगककें पीड़नभयेहूये कृशप श्र
यीन वडेउ[illegible]वल होयगये श्रोर खानपान भीस
वछूट गया प्राणोका कुछ भरोसानहींरहा
तव एकमाधव नामकरके ब्रह्मण स्वामीजी
का कृपापात्र श्रोर हृढ सेवकथा रात्रीदिन म
नवचन कायाकके तिनकी भक्तीसेवामे लीन

८५
भ०
२२
रहताथा सो इसप्रकार गुरुजीका महांकलेश
देखकर हृदयमें अत्यंत दुखमानताभया तिस
को कोई उपाय बननहीं आवता दिन दिन चिंता
और शोकमेंही व्याकुलभया रहताथा इहांतो
तिसको गुरुस्वामीजीकी चिंता और उहांघरमें
पिता ज्वररोगसे क्षीणभयाहुआ मरनेपर्यंतहो
गरहाथा तिसको मूरछापर मूर्छाआवतीथी
तब तिसकी तपस्वनी स्त्री किजोमाधवकी माता
२२

यी पतीका हृथवीपर मूर्छापडेह्रय को देख

कर बडेवेगासे धावती श्रीर रुदनकरतीहुई

पुत्रके सनमख चलीश्रावती भाई ॥८॥

चौपई । श्रोर लवचन सुनत निजमाई । म्हा

हादेव रटन श्रकुलाई । माधव हृदय खिउन

गा भययौ । गरूपित जनु विमक्त करिलययौ

सम्भ्रम गृहण त्याग वसहोई । गुहतेपं श्राव

जनहु नियिवोई । सज्जन भक्ति उगलकरजो

री। करि प्रणाम मनिविनय नशोरी। भनन्त वव
न स्वामिन पिनमोरा। ग्रसन हपास रोगजव
घोरा। आज हपर्सा थरति मवछाई। मानकव
न रोटन पमआई। नव ग्रनस्पचिन आकुल
गेहू। नजिन सकहु छिन दीन सनेहूं। काह्
करहुं सासन ग्रवकाहा। मोरे हृदय उपज प्र
भराहा। सेवाजनक देव गरजोई। दीनयाल ड
रलभजगाहोई। माधव वचन सुनन सखदाये

स्वामि सुमति निजवदन सुनाये। मोर सुपे
स्लाकर सुवताता। विमल हृदय उचित अति
माता। पयोधि जनक भवन सुरछाई। जननी
रुदन करत सुत आई। तांते तमहुं विलंवत
यागी। जावहु वतस जनक हितलागी। मो
रन देस तात सुवपाई। पितकर लेहु सुखना
जाई। दोहा। यद्यपि माधव कीन हठ गहस
न विविधप्रकार। तदपि भवन पठाव तहि

४६
भ०
२५

स्वामिन वलानकार।८।टीका।नव ऐसेमाता
के वचन सुनकरकि जोपरम कलेशसे होद
व होदेव प्रकारनीथी माधवकाहृदय दोखंड
होयगया अर्थात दोटुकडेहो जाताभया सो
मानो गुरुजीने और पिताने एक एक बांट
लियाहै प्रयोजन इहकि जिसका एकहीं चित
दोनोंपासे फैलगया किसको ग्रहणकरूं और
किसको त्यागूं ऐसे भ्रमकेवश भयाहुआ संको

२५

चमे मानो सर्वस्व गवायकर्के गुरुजीकेपासच
लाआया तहां भक्तोंओर दीनतासे चरनोपर
प्रणाम करके हाथजोडकर विनतीकरनेल
गा किहे कृपानिधान मेरापिताजोहै सो ज्वर
रोग करकेयसाहुआ आज घरमे प्राणअंतहो
यरहाहै इसीते माताव्याकुल होयकर रोदन
करतीहुई धावतीचलीआईहै ईहां आप अब
स्याचित ज्वरसेव्याकुलघरमे पडेहोकि जिनको

४६
भ०
२५

मैछिनभरभी त्यागा नहीं सकताहूं अहोप्रभु पि
ताकी इहदशाहै मैवडे कलेशको प्रापत भयाहूं
नाथ अवकाकरूं मेरेको कैसीआत्ताहै इहगुरू
पिताकी सेवाजोहै सो संसारमै वडीउरल
भैहै इसप्रकार माधवके भक्तीप्रीतीवाले वच
न सुनकर स्वामीजी प्रसन्न होयकर कहनेलगे
किएवइ नरीकल्याणहो जोतेंने मेराउखदेखक
र आपने हृदयमै वडाकलेश मानाहै ।

२५

अबहे पुत्र पिताके घरमें दुखी और मलीनहोनेसे
माताजो रुदनकर्तीआईहै तोतुममेरी आज्ञासे
विलंबकोत्यागकर प्रथम जायकर्के पिताकी
खबरलेवो और पिताकाउपकारजोहै तिसको
अपने सिरसेउतारो ऐसे गुरुका वचन सुनक
र यद्यपि माधवने बहुतहीं हठकिया कि प्रभू
मै आपको अकेले छोडकर कदाचितनहींजा
उंगा तद्यपि स्वामीने अनेक प्रकार समझायक

४५
भ०
२६

र और तिसकाहत लोइकर जोरावरीसे माता
के साथ घरमे भेजदिया।७। चौपाई। जाँभवन
निज जनकनिहरयो। विकल अचेत धरनि न
लपरयो। मरणतुल्य तांकर वडपाई। रोदन
करहिं विपन सुनमाई। सामाजिकजन इतउत
आये। मरदनादि तिनकीन उपाये। सोमसपर्श
तिनकर जवलागा। उठ्योजवधिर दुज मूर्छितजा
गा। स्वामीउक्ते विगतज्वर भययो। तथ्याप्रवल

२६

वपुष तव छ्यये। आपु अशक्त निवल कृश

काया। हृदय करत चिंतन नियदाया। दोहा

कस कीजे अब पाक कछु नाहिन वनत उपा

य। माधव गवन्यो भवन निज स्नान जनक

मरछाय। ८। टीका। तव माधव घरमे आयक

रके का देखताहै कि पिताजोहै सो मूर्छाहो

य करके पृथ्वीपर पड़ाहै मरणोकेतुल्य तिस

की दशाहोयरहीहै ऐसेदेखकरके माधव और

४६८

भ॰
२८

27

माधवकी माता व्याकुलहोयकर रोदनकरनेल
गजातेभये तब तिनके पड़ोसी सज्जन बांधवजो
थे सो सब आयकरके मरदन आदिउपाय जोहैं सो
करनेलगे तब तिनके हाथोंका गरम स्पर्शजो
भया तिससे तिस वृद्धके शरीरकी ^ जागउठी औ अगनीजोहैसो
र मूर्छाभी खुलगई तरत उठकरके बैठगया ऊ
हांस्वामीजोथे तिनकाज्वर अर्थात तपछूटा तो
तथाजोभूखहै तिससेवडाकलेशदिया आपश

रीरमे बडेनिरबल और क्षुपथ्य भोजनबनानेकी
सामर्थ्यनहीं रखनेथे हृदयमे सोच करनेलगे
कि अब भोजन कैसे बनाऊं कोई उपाय सूझन
हीं पड़ताहै इससमय ईहांमाधवभी नहीहै सो
पिताका मूर्छापड़ा सुनकर घरकोचलागयाहै
मेरे भूखसें प्राणनिकसे जातेहैं देव अब काय
तनकरूं।८। चौपाई। असडर कीन सोच जबस्वा
मी। तबभगवान भक्त अनुगामी। रक्षकभक्त भ

८५
भ॰
२८
28

क्तभयहारी। भक्तकल्पद्रुम भक्तउधारी। भक्तपाल
प्रभु भक्त सहायक। रंजनभक्त भक्त वरदायक।
आरत हरन भक्त सुखदाता। वतसल भक्त भक्त
जनत्राता। माधवरूप ललित निजधारी। आयेहृ
दय भक्तउरविहारी। करत प्रथम गुरुचरन जु
हारा। वहुरि नमनमव विनय उचारा। कृपानकेत
दासनव आवा। अवप्रभु तुमहिं जवन मनभावा
सो सासन मोहि देहु जगाई। ॥ २८

मैसव करउं चरन सिरनाई। स्वामी सुनत हृद
य हरषाये। कहत कृपाजत वचन सुहाये। कु
सलतात कछु जनक हमारा। तव माधव अस
वचन उचारा। दीनदयाल तव कृपा महाना। पा
वा मदन जनक कल्याना। मित्रग्राम रक्षादिक
उरवसारा। भयो सुखित संकुल परिवारा। तव
स्वामी व्यधातरवानी। सुनहु वनस असवदन
वखानी। मोरवहीन अन्नजलपाना। चाहत च

४६

भ.

२९

लन जठिर जढ्माना। सुनत वचन अस स्वामि
अधीरा। माधव रूप हरन जनपीरा। अमिय अ
लौकिक ककचिर सुहावा। कोनक दिव्यपाकवि
रचावा। सादिर विमलपात्र धरि सोई। दीनजि
माय मुदित मनहोई। पुनि उछिष्ट सम्मार्जनसा
री। करन करन कल परन सवारी। सोरठा।
पुनि सेवा कछु आन। वैठि निकट लागे करन।
कृपासिंधु भगवान। नव आवा माधवनहीं। ९।

२९

टीका। जब इसप्रकार श्रीधरस्वामीने हृदयमें
चिंतन अर्थात सोचकिया तब भक्तोंके आधीन
और भक्तोंकीरक्षा करनेवाले भक्तोंके भयहर
नेवाले भक्तोंकेलिये कल्पवृक्ष भक्ततारक
भक्तपाल और भक्त सहायक भक्तोंके हृद
यको आनंददेनेवाले भक्तवरदायक और भ
क्तजनोंकी पीडाकलेशोंके हरकरनेवाले भ
क्तवत्सल भगवान तरनहीं माधवजीस्वामी

४६

भ०

३०

30

जीका सेवकथा जिसका रूपधार करके आयजाने
भये तब पहिले स्वामीजीके चरनो पर प्रणाम
करके पीछे हाथजोड़कर दीनताकीभरीहूई न
म्रवाणीमें विनती करने लगे किहे कृपानिधा
न आपका दास आयगयाहै अबजैसी मनकी
रुचीहै तैसी आज्ञाकरिये मैदीनानाथकी सेवा
करनेको सावधानहूं ऐसे माधवरूप भगवान
की वाणी सुनकरके स्वामीजी बडे प्रसन्नभये

३०

और कृपाके भरेहूये वचनोंसे कहनेलगे किहे
पुत्र प्रथम इहलोकहै जोतुमारे पिताको कुस
लहै अर्थात सो राजीहै तवमाधव कहनेलगा
किहे दयानिधी आपकी कृपासें पिताकाडुख
और मूर्छा सव दूरहोय कर सहजेहीं कल्यान
होयगईहै कृपानिधान अवतिसकी कुछचिंता
नहींहै तव स्वामीउद्धाकरके व्याकुलभयेहूये
कहनेलगे किहेमाधव मेरेतो अन्न और जलके

४६

भ०

३१

3

विनाभूखेके प्राणनिकसे जातेहैं तातकुछवातक
रनेकी भी सामर्थनहींहै ऐसेलक्षणाके वशस्वामी
जीकोव्याकुल देखकरसर्वदोष दारिद्रके हरने
वाले माधवरूप भगवानजोथे सो तरत अपने
कौतकसें अमृतकेसमान अलौकिक औरवडा
दिव्य भोजन वनायकर और पवित्रपात्रमे धरक
र स्वामीजीको चौकेमे विठायकरके भक्तीसन
मान से जिमायदेतेभये और फिर मार्जन लेपन

देकर स्वामीजीको स्वावपूर्वक विमनतरपर पोफा
य करके मरदनचापीकी सेवाजोहै सोकरनेलगे
तवश्तनेमे माधवभी स्वामीजीकी चिंतामे व्याकु
लभयाहूआ धावताचलाआया। ९। चौपाई। ता
स्वविलोकि चराचरनाहो। भये तुरंत लुपत प्रभु
ताहो। माधवआय चरन गहलागा। भाषत न
म्रवचन अनुरागा। कृपाअयन करुवयन वि
हावा। मोरेरहो सोच निसिछावा। दीनयालय

८५

भ०

३२

32

कल गृहमाहीं। सेवकप्रान निकट कोनाहीं। स्वा
मीसनन कथन प्रसतासा। भये चकत सखव व
चन प्रकासा। काप्रमभयो नातमतिनोरे। नमहूं
कीन सेवा निसिमोरे। अन्नदान मोहिदेत जिया
वा। कसप्रम हृदयतात नवक्षावा। माधव सुन
त चकत चितहोई। लागेयो भनन जक्ष करदोई।
सैसव रजनि नाथनिजगेहू। वसेकरत चिंनन
जियएहू। गरुकृपाल नहं भवन इकाकी। नम

३२

हूं सहायक कृसपिनाकी। अनतनाथजे प्रससि
वकाई। मैनकीन प्रभु चरन उराहीं। श्रीधरस्वा
मि मरम नवजाना। सोतोकृपा सिंधु भगवाना
माधव रूप ललित परिधाये। कौतक प्रमिय
पाक विरचाये। सोहि जिमाय सहित सन माना
भयेलपत प्रभु कृपानिधाना। अहो भागजग
मोर सुहावन। जाहि इन हगन दरस प्रभुपाव
न। दुरलभ जोगि मुनिन कहं जोई। देखो आ

जसुलभ मै सोई। तासरूप माधव कहनाना। क
रत मनहिं मन दंडप्रणामा। नहिदिनतें औष
ध पथ्यहीना। भयेविगत ज्वर स्वामिप्रवीना। मा
धव रजनि वृतांत सुहावा। सादर सबकहंदी
न सुनावा। सुनत लोग मानस बिसमाये। श्री
धर स्वामिधन्य सबगाये। मनवच करम भक्ति
रतहोई। भजनलगे तिनहिं सबकोई। असप्र
कार इहचरित नवीना। मैकछु कथन तनक

मतिकीना। दोहा। भक्तिमहातम ललित इहजे

रतिजुत सुखगाय। धौं सादर कानन सुनै हरष

प्रेम सरसाय। तांके उरविदारद विकट रोगसो

ग अभिमान। नासहैं हरिप्रसादतें उपजहिं

भक्तिप्रधान।१। टीका। नव माधवको आव

ते देखकर सर्वचराचरके स्वामीभगवान न

हां तुरतहीं लुपत होजातेभये और माधव आय

कर गुरुजीके चरनोपर सीसधरकर प्रार्थनाक

४६

भ॰

२५

रनेलगा किहेकृपानिधान कहिये रातकैसेवीती
मुझेमे रात्रीभर चिंतामेंहीरहाहूं कि दोनपालव
रमे अकेलेहैं सिवसेवक और कोई भी पासनहीं
हैं तब ऐसे माधवका कथन सुनकर स्वामीव
डे अचरजके वशहोयकर कहनेलगे किहेपुत्र
तेरी बुद्धीमे इह कैसा भ्रमहोयगयाहै क्योंकि तु
म आपहीं रात्रीभर मेरीसेवा करतेरहेहो और
अपने हाथोंसे भोजन जिमायकर मेरे प्राणोंकी

रहाकरीहै अब इहकैसा तुमारे हृदयमै भ्रम
उतपन्न होयगयाहै तब माधव आचर्ज होय
करके हाथजोड़ह्वये विनतीकरनेलगा किहे
दीनदयाल मै तो आपकोईहां घरमै अकेलेजा
नकर तहांसारीरात सोचमैंही वतीतकरीहै
प्रभुमैरेको तुमारे चरनोकी इहाईहै मैने आ
पकी इहसेवानहीं कीहै तबतो श्रीधरस्वामी
हृदयमै जानगये कि अहो सोतो भगवान

४८

भं०

३५

35

कृपानिधान माधवकारूपधारे हृये आपहींथे और आपहीं दीनबंधु अपने कोनकसे भोजन बना धकर और मेरेको जिमाय करके लुप नहोय गयेहैं आजमेरे धन्यभाग्यहैं कि जो भगवान मुनी और जोगी जनोंका देख ने डरलभथे सो मैने नेत्रभरकरके घरमें देखलियेहैं तिसमाधव रूप भगवान को स्वामी बार बार हृदय मै प्रणाम करनेलगे

और तिसीदिनतें तिनकाज्वर रोगजोथा सो भी
औषधीके विनाही नष्टहोजाताभया तव मा
धवने रात्रीका वृतांत जोथा सो सवमान एव
क सवको सुनायदिया लोगसुनकरके हृ
दयमें वडाअचरज मानकर स्वामीजीको स
व धन्य धन्य कहनेलगे और भक्तीप्रीतीसे
तिनको भगवानके दृढभक्त जानकर सव
पूजने और सेवने लगे इसप्रकार श्रीधरस्वा

४५
म०
२६

36

मीकी भक्तीमैंने कुछ मंदमतीके अनुसार क
थनकीहै इसको जोकोई श्रद्धापूर्वक पढेगा अ
थवा सुनेगा तिसके दुखदारिद्र और रोगशोक
सबनास होयकर हृदयमें भगवानकी भक्ती
उतपन्न होजावेगी ।।९।। इतिश्रीभक्तविनोद ग्रं
थे भगवदभक्ति महातमें भाषाटीकायां श्रीधर
स्वामी चरित्रवरणनं नाम सरगः ।।

मीहांसिंहकृत

अथ निमानंद चरितं । दोहा । अब वरिणउ ज
ग विदत वर भक्ति महानम आन । करहुं क
थन जहि सुनत स्रुति वढहिं सुमति सुभता
न । चौपाई । गौडदेस इक विप्र सुहावा । निमा
नंद नाम जहि गावा । अति प्रवीन द्विज धरम
अचारा । वेद तंत्र सब जानन हारा । बसिति
ज सदन विप्रवर सोई । संतन हृदय भक्ति
रतहोई । वेदा ध्यापन लोगन काहीं । सदा

११
भा०
२

करावन हित चित माहीं। एक दिवस सुंदर
सुख साहू। देख्यो नाम भागवत चाहू। पूर
व पुण्य प्रसाद प्रभाऊ। तामध नवल प्रीति
छवि ताऊ। दिन दिन उपजि अधिक सुखदा
ई। कमल सरोज चरन मन लाई। ताहि इकांत
रटन पर भययौ। तब तहि दिव्य ज्ञान उरझ
ययौ। सरब विश्व भगवन मयजानी। ब्रह्म
वेद मगन भयौ ज्ञानी। इष्ट अनिष्ट मीत रिपु

२

नासा। जनम मरण द्वन्द्वादि पनासा। सीत उश्न गुण अगुण समाना। हरष विषाद मान अपमाना। ब्रह्मरूप सब जानि जगाना। भयो छकित जिमि वारुणि माना। दोहा। एक दिवस घर वहिर उज नित्य नंद प्रवीन। नकि। समूह त्रिण सशाक तहं हट आसन निज कीन। तव मारुत वल वेग गहि अनल चंद्र सहाय। नहि समूह त्रिण सशाक कहे अकस्मा

३१ भ० २

न लगि आय। जिमि जिमि निज बल वेगतें।
मारत महन ककोर। तिमि तिमि होत प्रचंड
अति ज्वलत ज्वाल बहु वोर॥१॥ टीका। नाभा
दासजी कहतेहैं किहे संत महंतो अब एक।
और परम पवित्र और मनको आनंद देनेवाला
भक्तोका महातम कि जिसके श्रवण करनेसे
हृदय मे ज्ञान और भक्तीका प्रकाश होता
है मै आपके आगे गायन कर्ताहूं क्योकि गोड

२

देस विषें धरम मै प्रवीन और बडा आचार्ज
वेदके तत्वको जाननेवाला नित्यानंद नाम
करके प्रसिद्ध एक ब्रह्मण होताभया सो
भगवान की भक्ती मै लीनभया हुआ आप
ने घरमै निवास करता बडे हितप्यार और
सत कारसे लोगोंको वेद पढावताथा एक
दिन तिसने सर्व साख और सिद्धियोंके देने
वाला श्रीभागवत जोहै सो देखा तब सर्व

श्री
भ०
२
3

न्यके प्रभावसे तिसविषें तिसकी अधिकातें
अधिक नित्य नवीनही प्रीती और रुची उप
जतीभई और कृष्णभगवानके चरन कम
लों को हृदयमै वसाय कर रात्रीदिन श्री
मत भागवनके रटन करने मै ततपर हो
जाताभया तव तिसके हृदयमै दिव्य ज्ञान
जोहै सो छायत होगया सर्व जगत को भ
गवानका रूपही जाननेलगा और ज्ञानवि

ज्ञानके सहित होकर ब्रह्मानंदमै मगन
होगया इष्ट अनिष्ट शत्रू और मीत जनम
मरन लक्ष्या [illegible] मीत उसन गुण अव
गुण हरष विषाद मान अपमान इन स
वमै एकरस होकर और सब कुल प्रमा
नमाका रूप विचार कर वारुणी जो शा
रावहै मानो तिसके मदमै उनमत भया १
होआ आनंदमै लीन होय र हाहै तव एक

३१
भ०
४

दिन नगरके बाहिर कहीं त्रिण समूह ग्र
थीन फूसोंका ढेर जो लगाहूआथा तोभ
क्त प्रथान जाय करके तिसपर हठ आसन
लगाय कर बैठ जाताभया तहां पवनके प्र
बल वेगसे दैव इछ्या करके अकस्मात ही
आयकर तिन फूसों के ढेरको अगनी जो
है सो सलग जातीभई तब थोडीही देरमें
ज्यों ज्यों पवन के झकोरे लगते हैं त्यों त्यों

४

हीं ज्वालाभी चारो ओर से प्रचंड होती जाती है।१। चौपाई। नित्य नेट भक्त भगवाना। देखि अनल अस प्रबल महाना। विचक हृदय धीर नहीं त्यागा। कृष्ण सरोज चरन मन लागा। रहो प्रलीन ध्यान निजमाहीं। पावक प्रबल त्रास कछु नाहीं। यद्यपि लोगन विविध बखाना। उठो नतदपि भक्त भगवाना। नव पावक बहु ओरन जारी। भ

२। भ ५

ई आप निरवापन हारी। देखहु भक्ति प्रभाव सुहावा। जहि सपर्श त्रिण अगन पावा। जेरे नसे ऊभक्कक सजरना। ऐसो प्रभाव भक्त मन हरना। अस प्रकार इह चरित सुहावा निज्यानंद विप्र मै गावा। दोहा। भा जोगी ज न भक्तवर जग जड भरथ समान। जहि ह रि भक्ति प्रसादतैं पावा पद निरवान। २।
टीका। नव निज्या नंदजीने देखा कि अगनी

५

महा प्रचंड होय रहीहै ऐसे धीरजके धाम

भक्त प्रधान किंचक भरभी नहीं डोलतेभये।

सावधान होय करके कृष्णभगवान के च

रन कमलों मे हीं चित्तको लगाय राखा।

और प्रमानमाके ध्यानमे हीं लीन रहे ऐ

सी दाहक और महा प्रबल ज्वालाका हृद

य मे कुछ भी त्रास नही माना यद्यपि लो

गों ने वहुत हीं कहा तद्यपि वदेह भयेहुये

३। भक्त प्रधान नहीं उठते भये तब अगनीजो
है सो चारो ओरसे जलाय करके फिर हार
कर आपही शांतीको प्राप्त हो जाती भई
अब देखिये कि भक्तीका कैसा अधिक प्रभा
व है जिन त्रिएो का भक्त राजके शरीरके
साथ स्पर्श होय रहाथा सोतो तिस अगनी
की दाहक शक्तीसे जलेही नहीं अब कहि
ये कि तिस भक्त प्रधान को कौन जलाय स

कनाथा अहो भक्तीका अदभुत प्रभाव और
अगाध महिमाहै जिसके वडे उदय भागहैं।
कि जिसको इह अनंत महिमा वाली भगवा
नकी भक्ती प्रापत होवे इसप्रकार इहनिमा
नंद जीकी मनोहर गाथा जोहैं कि महायो
गी जनो और भक्तो मे सब जगत मे साधा
विषे न जड भरथ के तुल्य हुयेहैं और जिनोने
भक्ती के प्रसादसे भगवान के निरवाण

सोमैनेगायनकीईहै
५कैसेभीनिमानंदहैं

२१ भ॰ २

पदको प्रापत कर लियाहै।२। इति श्रीभक्त विनोद ग्रंथे भगवद भक्ति महातमे भाषा टीकायां नित्यानंद चरित वरणनं नाम सर्गः

मीहांसिंहकृत

महेश जगमाहीं । कौ साक्षात देवसमनाहीं । अ
सकहि गवन भवन हरिकीना । अदभुत चरित
हेरत तबचीना । जहं लग शिला भवन वररहयो
निजठाकर महेश सबलहयो । देखिचरित अच
रज मनमाना । लेहुं कवन सब एकसमाना । तब
बोले तहि वदन अचारी । संत जाहु तवबेग सि
धारी । जहितें तोरप्राण सुखदाई । गई ललित
सम शिलाहराई । दोहा । सुनिअस वचन महात

९८
भ.
८

मन निंब विटपछिनाआई । सोऊ सनातन देखिनि
जशिला स खेद नकछूआई । १ । टीका । हेसंत उदा
र अबमैं नहीं जानताहूं कि मेरे प्राणसुखदायक
देवजोहैं सो किसके मनमें भायेहैं प्रभू उनके वि
नामेरा जीवना ऐसेहै कि जैसे जलके वियोगसे
मछलीका होताहै तबतिसको बडेदुखी और
आकुल देखकर आचारीजी दयाके वश होयक
र कहनेलगे किहे साधु अब तुम शोक और

४

८

संकोचको त्यागकर भगवानके भवनमें चलेजा

वो तहां जो शिलातुमारे मनको भावती औरप्या

रीलगतीहो सोतुम प्रसन्नहोय करके लेलेवो ऐ

से आचारीजीका कथन सुनकर साधु कहने ल

गा किहे महात्मा मेरावचन आपसत्यकरके जा

निये जोमेरी शिलाके समान संसारमे औरकोई

भी साक्षातदेव प्रभु नहींहैं सोवडीही दुर्लभथी

ऐसे कथन कर कर भगवान कृपानिधानके

भवनमै चलागया और तहां अदभुतहीं चरित्र देखताभया क्योंकि भगवानके भवनमै जहांलग शिला स्थापितथीं सोतिसको सव अपनी शिला के समानहीं देखपड़ी इस अदभुतको देखकर अचरजके वशभयाहू आकहनाहै कि इहतो स वठाकर मेरेही शालिग्रामके तल्यहैं मैकिसको लेऊं और किसकोनालेऊं तव तिसको अचरजभ येहुये देखकर आचारीजी कहनेलगे किहेसंत

नम तहांहीं जाको कि जहां निंव वृक्षकी साखा
से लगीहुई सुखदायक और मन भावनी शिला
जानीरहीहै ऐसे आचारीजीका वचन सुनक
र सोमसाधु तरत निंव वृक्षके नीचे चलाआया
तहां क्या देखताहै कि सोई अपनी संदर और
सुखदायक शिला तैसहीं निंव वृक्षकी साखा
के साथ पाटके वस्त्रमें बांधीहुई लटकरहीहै
चौपाई। सादिर हरषि संतगहि लीन्हा। तहां

४८
भ०
१०

10.

निवास रुचिर निजकीन्हो। असप्रकार अवरजस
दभारी। चरित्रपुनीत भक्तआचारी। रहे अनेक य
शीतलछायो। मैसंक्षेप कछुक इहगायो। अ
वतोकर वरवंस सुहावन। प्रकटे ज्ञानदेव जस
पावन। तिनकर कथा मोद मनछायन। मैअब
करहुं वदन निजगायन। दक्षणदेस विदत अ
सनामा। इंद्राणी सरिता प्रदकामा। पावन वि
मल ललित जह्निनीरा। रहोएक तीरथनहिती

१०

रा। सोअनंद नासिक जगगावा। विप्रवृंद जन
धरिलभावा। तिनमै एक विप्रवरकाहू। कलह
मूल भामनि भवताहू। देत कलेश निसनछमा
री। सोनविप्रवर सकैा सहारी। वंवितनास तजि
ग्रंतअगारा। उन्नसन्यास्त लीनपद धारा। अस
प्रकार कछुकाल बिनासा। ताकर निरत भेष
सन्यासा। तवतहि पतनि नासहिपपाई। पतिह
रि सदन नासछिगयाई। भाषत नम्र वचन

४८
भ.
॥

तिसकीजै। अंगीकार नाथ मोहिकीजै। दोहा। ना
म वचन सुनि भक्त उजैसै नेनार पतिभाम हो
हु नभ्रम वस तमहूं अव जाहु ललित निजधाम ४
टीका। तव प्रसन्न होय करके तिससंतने अपनी
शिलालेलेई। और आनंद पूर्वक तहांहीं वासक
रताभया इसप्रकार वडे पवित्र और अचरजके
देनेवाले भक्तभा चारीजीके संसार मे अनेक
ही चरित्रहैं इहां एक मैने संक्षेप करके कुछ ॥

गायन करदियाहै अबआगे तिनके वंसमै जैसे ता
नध्यानकीनिधी वडे उजागर तानदेवजी प्रकटभ
येहैं तिनकी पवित्रगाथाजोहै सो कथन करताहूं
दक्षण देसविखे वडी सुंदर निरमल जलवाली
इंद्राणी नामकरके नदीजोहै तिसके किनारेपर
एक आनंद नामसे प्रसिद्ध वडा पवित्र तीर्थहोता
भया सो ब्रह्मणोंके समूह करके परिपूरणथा
अर्थात तहांवहुत ब्रह्मण निवास करतेथे नव

४८
भ. १२

तिनब्र्ह्मणोविषें एकब्र्ह्मणजोथा तिसकी वडी
कलहकारनी मानोलडाईका मूलथी सोतिसअ
पने पतीको दुरवचन बोल बोलकर रात्रीदिन ब
डाकलेशदेतीरहतीथी तब सोभीतिसके कलेश
को ब्र्ह्मणसहार नहींसका दुखीभयाहूआ कप
ट चतुराईसे तिस दुरमतीको छलकर और घर
कोत्यागकर जायकरके सन्यासजोहै सोधार ले
ताभया इसप्रकार सन्यासभेष धारेहूये तिसब्र्ह्म

१२

णको कुछकाल वर्तीतहो जातामया नवतिम

की स्त्री जोथी सोतिकी सथीपायकर चरकोत्या

ग करके तहांआय प्राप्तहोतीभई और पतीके

आगेहाथ जोड़कर नम्रवाणीसे विनती करने

लगी किहेनाथ अवकोपसे शांतहोयकर दया

करके मेरेको गृहणकरिये असेवचनसुनका क

थनसुणकर ब्राह्मण कहनेलगा किहेभाम

नीमैंतोतेरापती नहींहूं तेरेहृदयमें कुछभ्रम

४८
भ.
१३

होयगयाहै तं विचारकर और अपने घरको चली जा ईहांतेरापती कोइनहीहै ।४। चौपाई । पतिमु खवचन सुनत असरमनी । उठिनिराम तहि गु रुपगवनी । करिप्रणाम सब विनयउचारी । म मनपनदीन हितकारी । जनक जननि वरजि न संभारा । पतीमोऊसिषनाथनमारा । मोरेघा लशरण अवकाकी । गुरुअस गिरानसुनि तोकी । अनहितदेवि उपजिउरदाया । ताहवो

१३

लिगुरुदीन सुहाया। भनेमोर सासन सुतमानी

इहि सुसील पतिदेवत जानी। अंगीकार नातन

व करहै। संसय सोच सकल परिहरहै। याक

र गृहहण दोष सुततोही। सोतोरहो सकल अ

वमोही। जोमै प्रथम वनस नहिंचीना। विनअ

पिकार तोहि सिषकीना। पेअव मोर वचन अ

नुसारा। इहनि जपतनि करहु सुईकारा। सरव

सुषजग देव प्रभाऊ। तोर विमल वरवंसवढा

ऊ। चारुभागवत संसृतिधन्या। यातैं होहिं पुत्र
उतपन्ना। दोहा। अस गुरु वर अनुसास उजासि
रुषि पतनि समेत। करि प्रणाम निवसत भ
ये विरचिन कितहूं नकेत।५। टीका। इसप्रका
र पतीके मुखसे वचन सुनकर सोभामनी नि
रास होयकर तिसके गुरुकेपास चलीगई त
हां प्रणाम करकै हाथजोडकर विनती करनेल
गी कि हे दीनहितकारी हे संत उपकारी ।

मै जगतमे संतानसे रहितहूं और मेरे मातापि
ताभीनहींहैं केवल एकपत्नीही आधारथा सो
भी आपकाशिष्य होयगयाहै अबहे दीनदयाल
मै अभागन किसकी शरणकोजाऊं प्रभु मेरे
को कौन आश्रयहै ऐसे तिसकेदीन वचन सु
नकर और वश अनहित देखकर गुरुजीका
हृदय कोमलहोयगया दयाजोहै सोरोम रो
म छायतहोय गई तिस अपने शिष्यकोपास

४८
भ.
१५
15

बुलाय करकेकहनेलगे किहेपुत्र अबतूं मेरी आ
ज्ञामानकर इससुशीले अपनी पत्नीको पतीव्र
ता जानकर और सबसोच संशयको त्यागकरके
आनंदसे ग्रहण करले यद्यपि संन्यासी होनेसे
इसके ग्रहणकरनेका तेरेको दोषहै तद्यपि सो
दोषजोहै सोमैं अपने परलेलेताहूं क्योंकि प्रथ
म जबतेरेको भेषदिया तोमैंने विचारकर नहीं
दिया अधिकारके बिनाही तमकोमैंने शिष्य

करलिया आनंदजोहूआ सोहूआ अवपुत्रनें मेरी
आज्ञासे इस अपनी पतनीका सईकार करले भ
गवानकी कृपासे जगतमें स्रष्ट और देवताके प्र
भाववाला तेरे वंसका उजागर करनेवाला भग
वानका वडाप्रधानभक्त इसतें पुत्रजोहै सोउतप
न्नहोवेगा इसप्रकार सोब्रह्मण गुरुजीकी आज्ञा
का सीसपर धारन करके स्त्रीके सहित चरनो
परवारंवार प्रणाम करकर चलाजानाभया और

४८
भ॰
१६

किसी अस्थानपर जायकर और अवधनाथ करक्त
स्तभगवानको भजनाहुआ निवास करनेलगा।५
चौपाई। यद्यपि उज विरक्त अवसेषी। तद्यपि विन
अवसरविषयेलखौ। भयोप्रति करत कामनातेहू। या
विधि तीन सवन उजगेहू। संभवभये भक्त भगवा
ना। तिनमै ज्ञानदेव निधिज्ञाना। सवनै प्रवर जेष्ट
सुतरहयो। तेजव सपत वरषकर भययो। पितव
नप्रीति संगनिजलीनो। कोविद विप्रगवन गृह

कीन्हो। प्रथम चरन वंदन करवायो। विनय व
हुरि निजवदन सुनायो। इहिमन कहं इनवर उ
पकारी। विधिजन प्रथम सुत्रसभधारी। विद्या
वेद वहुरि सुखदाई। करि दाया नवदेहु पठाई।
सुनिश्रम वचन ताम उजरासी। लगे करन नि
जनिज सव हासी। इहि प्रव सम्पलयराना। व
हुरि अधम प्रमदारतिमाना। अवमति मंद ह
वन जनयावा। हमपे नाम पढावन आवा। नव

८८

भ. १७

17

महिखा इकानिक [ट] निहारी। बोलेताम्ह विप्र असमा
री। जोइहि महिषवेद पढिलीना। नवतो हृदय स
त्य हमचीना। निश्चय पठहिं वेदसत तोरा। सुन
न विप्रअस वचन कठोरा। लाजित वैठ मौनधरि
न्यारे। नववालक मडुवचन उचारे। हरिमायाक
कु परहिं नजाना। काइहु नमहं असंभव माना।
दोहा। ज्ञानदेव असभाखिमख महिषहिं वचन
वखान। घट घट व्यापक कहत अस कृपासिंधु

भगवान। नमहुं गोविंदरूप अब सरब सखदन
नपाल। भक्तकामना सिद्धिहित इवैसे दीनकृपा
ल। सो सुंदर निजबिरद प्रभु हृदय समुझि गिरधा
रि। इहि अब सबदेवत सेवन करहु मोर रखवा
रि॥६॥ टीका। जद्यपि विशेष करके ब्रह्मण हृदय
से विरक्त हीं थे तथापि समयके अनुसार स्त्री को
विनती भई हुई देखकर ग्रहण कर लेना भया
नवतिसके घरमें तीन पुत्र भगवानके भक्त हीं उ

४८

भ.
१८

तपन्न होतेभये तिन तीनोंमै जेष्ट अर्थात वडे गु
ण और ज्ञानकीनिधी ज्ञानदेवजीरहे सोजब सा
त वरषके भये तब पितातिनको साथलेकर
वडेविद्वान ब्राह्मणके घरमैचलागया तहां वा
लकतें प्रथम चरन वंदन करवायकर फिर
हाथ जोड करविनती करनेलगा किहे पंडित
प्रधानहे उपकारकीनिधी अब कृपाकरके प्र
थम इसबालकको विधीपूर्वक यज्ञोपवीत अर्था

१८

न जनेऊजोहै सो धारन करवाईये तिसतें उपरां
न फिर विद्याकाप्रारंभ करवाय दीजिये इसप्रका
र तिसका कथनसुनकर तहां जितनेब्राह्मन बै
ठे हुयेथे सो अपने अपने सब हासीकरने लगे
कि देखो इसब्राह्मणने पहिले सन्यास धारनकि
या और फिर आयकरके प्रथमने स्त्रीका ग्रहण
करलिया अब महामंद बालकको विद्यापढा
वनेकेलिये हमारे पासलेआयाहै पंडितजोथे ।

४८
भ. १५

सो ऐसे कथन कर कर और सनत्सुखे एक महि
षजो संछाहै तिसको देखकर तिसब्राह्मणको क
हनेलगे कि जो इहमहिष वेदको पढलेवेगा न
वहम सत्पजानेगे कि तेराबालकभी निश्चयकरके
वेदको पढजावेगा ऐसे तिनका महांकठोर और
अगम वचनसुन करके ब्राह्मण लज्जासे मौनहो
यकर न्यारेजायबैठा तब बालक बडीकोमल वा
णीसे बोल उठता भया कि हे पिता भगवान की

१९

माया वशी अगाधहैं नहीं इहवारता छुछडर्लभन
हींहैं दीनवंधुजोबाहैं सोकरसकतेहैं ऐसेकथ
नकरके ज्ञानदेवजी फिर महिषको कहनेलगे
किहे महिष वेदशास्त्र सबभगवान कृपानिधा
नको घट घट व्यापक कहतेहैं नाते सरव सु
खदायक और दीनोपर दयाकरनेवाले अब
तुमभी गोविंदभगवानको कृपहो आपने भ
क्तकी कामना सिद्धकरनेकेलिये हेदीनघाल

४८

भ.
२०

कोमल होजाइये और कृपाकरिये अपनाशर
णपाल और दीन पाल विरदजोहै सोहृदयमे
स्मरकर इससमय सबकेदेखते प्रभूमेरीरक्षा
करिये॥६॥ चौपाई॥ ज्ञानदेव सब वचनसुहाये
सुनिब्रह्मसमहिष तरत प्रकटाये॥ वेदविचन क
रगायनलागे॥ मंजलमधुर सबसर अनुरागे॥ वि
प्रहेद ब्रह्मचरितनिहारी॥ कहतपरस्पर हृदय
विचारी॥ भेया नहोहिं अगम संसारा॥ इहअद्भुत

२०

जे हरगन निहारा। हरिमाया कछु जाय न जानी। क
छुन बिप्र अस बिसमन बानी। बिपुल लोग अचर
ज बस धाये। चरित्र अस भव देखन आये। भनत
बिप्र तव धन्न न थोरा। अहह इह धन्य सुवन वर तो
रा। जहिं हित लागि महिष मथ होई। लागे वेद प
ठन प्रभु सोई। कृत्य कृत्य उजगउ तुमारा। वंदन
जोग बिदन संसारा। हमतें भयो जवन अपराधु
अजु बिन जानि तुमहु तव साधु। अवते हम जत

४८
भ.
२१

प्रीति महाना। सादिर वेदमरमज्ञे नाना। सिसकहं
देउव वदन पठाय। असप्रकार जव विप्र प्रलाय
दोहा। ज्ञानदेव तवभने मावेकरि प्रणाम सहि
माथ। कीजैतमा नगविप्र अव कृपासिंधु जननाथ
थ। १। टीका। इसप्रकार ज्ञानदेवके भावेसे वच
नसुनकर महिषजोथे सोवेदनहीं प्रकट होय
कर वेदकी संदरारिचोंको मधर मधुर स्वरसे क
चीपूर्वक पठनेलगे जानभये तव इस अदभुत

२१

कौनककौ देखकर सवब्राह्मणजोथे सोपरस्प
र कहनेलगे किभाई इहुवडा-अचित्र चमतकार
जो हमने प्रकटदेखाहै असासंसारमे नातोक
हींहुआ औरनाहोवेगा भगवानकी मायाव
डी अगाधहै कुछजानी नहींजातीहै असे अ
चरजके वशभयेहुये ब्राह्मण परस्पर भग
वानकी अगाधगतीको चिंतनकरतेहै इन
नेमे औरभी वहुत लोग इसअलोकिक और

भ. २२

और प्रदमन चरित्रको सुनकर देखने केलियेया
वने चलेआये और सबमिलकर ज्ञानदेवकेपि
ताकी अनेक शलाघा वड़ाई कर कर कहतेहैं
किहे ब्राह्मणा तुं जगतमें धन्यहैं और धन्यतेरा इ
ष्टदेवहै किजिसकी भक्तीके वशभगवान कृपा
निधान महिष रूप होयकरके वेदको प्रकट
गायन करने लगेहैं तांते आज इह तमाशाञ
जगतमें सफल रूपहै और वंदना करनेके यो

रके ज्ञानदेवजी प्रसन्नहोयकर कहनेलगे कि
हे कृपानिधान तुमारीहीं सब कृपाहै जोमेरेको
दरसनदेकरके जगतमें ऐसा सुजस और बड़ा
ईदियाहै प्रभु इह तुमकोहीं योग्यहै और तुम
हीं सर्वसामर्थ और सर्वगुणनिधानहो ऐसे प
रस्पर शलाघा और बड़ाई करकर अपने अपने
आश्रमको चलेजातेभये इसप्रकार इह सुखदा
यक और मनवांछित फलके देनेवाला चरित्र

४८
भ. जोहै सोहै संतजनोमैने यथामती अर्थात मे
१९ दमतीके अनुसार जैसेहोयसका आपके आ
२१ गे गायन करदियाहै ।१९। इतिश्रीभक्तविनोद
ग्रंथेभगवदभक्ती महातमें भाषाटीकायां ज्ञा
नदेव चरित वरणनं नाम सरगः ॥

मीहांसिंहकृत

१५

अथ शशिदेव भूपचरितं। दोहाछंदः। गुरु वर
ज्ञान प्रकाशि तिमर अज्ञान विनाशी। हृदय
भवन आनंद हरन भव दारुन पासी। चंद्रहा
स कर चरित मोर मति यथा वखाना। अव
मैं कथा विचित्र करहुं वरनन कछु आना। भ
क्ति महातम ललित भूप शशिदेव सहावा।
उदित उरमति अग हरन प्रीति हरिचरन व
ढावा। दायक संपति सजस सकल सुख मे

३८
म
१

गलमूला। नामन विषय विकार बंधव सवत्रास
न सूला। भूमंडिल पर भयो भूप शवि देव उ
दारा। दानिसिरो मणि वीरधीर जग कीरती
[illegible]। परम चतुर वर धरम भक्ति भगवंत
परायण। परि हरि श्रीपति नाम आन कछु
करहिं नगायन। सोरठा। सोछिन नाथ सुजा
न। कनक [illegible] चेल वित धेनु नित। करहिं दान
सनमान। [illegible]मदेव अरपण सकल। १टीका
१

नाभादास जी कहतेहैं कि हे दासजनोंके हृ
दय मै आनंद और ज्ञानके प्रकाश करनेवा
ले और अज्ञान रूपी अंधेरेका नास करने
वाले हे संसारकी कठिन फासी के काटने
के सामर्थ गुरुदेव स्वामीजी चंद्रहासकी
गाथा जैसीक मेरी बुद्धीके अनुसार होस
की गायन करदेई है अब और बड़ी मनो
हर गाथा और भक्तीका महातम जो है सो

३८
भं०
२

कथन करताहूं कैसा भी महात्महै कि इख
इरमती विषय विकार और पापमूल इत्यादि
कों के नास करनेवाला संपती सुख सुजस
और मंगलोंके देने वालाहै भूमी मंडलपर
एक परम उदार दानियों विखे सिरोमणी
महांवीरधीर जगतमै बडे सुजस वाला ध
र्म मै प्रवीन भगवान की भक्तीमै लीन श
